आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 249- ● जबलपुर ● रविवार, 10 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

पेज 7 में देखें

डेनमार्क की पीएम ने किये ताज के दीदार

देश पर गहरा रहा ब्लैकआउट का खतरा

नई दिल्ली। चीन के बाद अब भारत में भी बिजली संकट गहराता जा रहा है। दिल्ली में ब्लैकआउट की चेतावनी जारी कर दी गई है तो उत्तर प्रदेश में आठ संयंत्र अस्थाई तौर पर ठप हो गए हैं। पंजाब और आंध्र प्रदेश ने पॉवर प्लांट में कोयले की कमी जाहिर की है। ऐसे में केंद्र के सामने राज्यों की मांग को पूरा करना एक चुनौती बन गया है। केंद्र सरकार ने कहा है की ऊर्जा मंत्रालय के नेतृत्व में सप्ताह में दो बार कोयले के स्टॉक की समीक्षा की जा रही है।

उधर, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि अगर केंद्र जल्द से जल्द जरूरी कदम नहीं उठाता है तो राजधानी को बिजली संकट का सामना करना पड़ सकता है। केजरीवाल ने केंद्र को लिखा है कि कोयले से चलने वाले 135 संयंत्रों में से आधे से अधिक के पास केवल तीन दिन का कोयला बचा है। ये संयंत्र देश को आधे से ज्यादा बिजली आपूर्ति करते हैं।

कोरोना से जूझती अर्थव्यवस्था

ऊर्जा मंत्रालय ने बताया कि कोरोना से जूझती अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बड़ी मात्रा में फैक्ट्रियों व कंपनियों को संचालित किया गया। इससे बिजली की मांग और खपत बढ़ती चली गई। देश में बिजली की दैनिक खपत बढ़कर चार अरब यूनिट हो गई। यह मांग 65 से 70 प्रतिशत कोयले से चलने वाले संयंत्रों से पूरी की जा रही है। 2019 में

अगस्त-सितंबर महीने में देश में 106.6 बिलियन यूनिट की खपत थी, जो 2021 तक बढ़कर 124.2 बिलियन यूनिट हो गई।

60 से 160 डॉलर पहुंचे दाम

मंत्रालय की ओर से बताया गया कि बाहर से आयात होने वाले कोयले के दाम सितंबर अक्टूबर में 160 डॉलर प्रति टन हो गए, जो मार्च में 60 डॉलर प्रति टन थे। अचानक से दाम बढ़ने के कारण बाहर से आयात होने वाले कोयले में कमी आई और घरेलू कोयले पर निर्भरता बढ़ती चली गई। इस कारण आयातित कोयले से बिजली उत्पादन में 43.6 प्रतिशत की कमी आई।

बिजली संकट के ये चार कारण

1. कोरोना से जूझ रही - अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बिजली की मांग बढ़ गई।

2. सितंबर महीने में कोयले की खदान वाले क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण भी कोयले के उत्पादन पर असर पड़ा।

3. बाहर से आने वाले कोयले की कीमतों में काफी इजाफा हुआ, इससे संयंत्रों में बिजली उत्पादन में कमी आई। मांग को पूरा करने के लिए घरेलू कोयले पर निर्भरता बढ़ती गई।

4. मानसून की शुरुआत में पर्याप्त मात्रा में कोयले का स्टॉक नहीं हो पाया। इसके अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में कोयला कंपनियों पर भारी बकाया के कारण संकट बढ़ गया।

फटाफट खबरें

भारत-चीन के बीच 13वें दौर की वार्ता शुरू

नई दिल्ली। लद्दाख में एलएसी पर शांति बहाली के लिए भारत और चीन के बीच उच्च सैन्य स्तर की 13वें दौर की वार्ता रविवार सुबह 10.30 बजे शुरू हो गई। बैठक में भारत तनातनी वाले शेष बिंदुओं से चीनी सेना की पूरी तरह वापसी पर जोर देगा। इसके अलावा डेपसांग और देमचोक के मुद्दे पर भी चर्चा होगी। 31 जुलाई को भारत और चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की 12वें दौर की वार्ता हुई थी। यह वार्ता करीब नौ घंटे तक चली थी। इसमें भारत ने पूर्वी लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स, गोगरा व अन्य तनाव वाले स्थानों से सेना व हथियारों को जल्दी हटाने पर जोर दिया गया था।

एनसीबी ने दर्ज किया शाहरुख खान के ड्राइवर का बयान

मुंबई। मुंबई क्रूज ड्रग्स मामले में शाहरुख खान का बेटा आर्यन खान न्यायिक हिरासत में है वहीं एनसीबी ने शनिवार को शाहरुख खान के ड्राइवर से भी पूछताछ की। एनसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मंबई से एक क्रूज जहाज से ड्रग्स जब्त के मामले में शाहरुख खान के ड्राइवर का बयान दर्ज किया है। ड्राइवर को शनिवार को शाम दक्षिण मुंबई में एनसीबी कार्यालय में बुलाया गया था। अधिकारियों ने कहा कि मादक पदार्थ रोधी एजेसी के अधिकारियों ने उसका बयान दर्ज किया जिसके बाद उसे जाने दिया गया। एनसीबी ने शनिवार देर रात गोरेगांव सहित मुंबई के उपनगरों में कई छापे मारे। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने इस मामले में शुक्रवार की रात सांताक्रूज इलाके से शिवराज राम दास नाम के एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

कांगो में नाव पलटने से 100 से ज्यादा लोग डूबे, 51 शव बरामद

वेब डेस्क । लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में शनिवार को नाव पलटने से 100 से अधिक लोग नदी में डूब गए और 51 लोगों की मौत हो गई। मोंगाला प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता नेस्टर मैगबाडो के मुताबिक, 51 शवों को बरामद कर लिया गया है, जबकि 60 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं। इस हादसे में 39 लोग सुरक्षित भी बचाए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि नाव में यात्रियों के सवार होने से पहले उनकी गिनती नहीं की गई थी। कांगो में नाव दुर्घटनाएं होती रहती हैं, क्योंकि इनमें अक्सर क्षमता से अधिक यात्री सवार हो जाते हैं, संतुलन बिगड़ जाता है।

पीएम मोदी के गढ़ वाराणसी में प्रियंका गांधी, जनसभा को करेंगी संबोधित

वाराणसी। प्रियंका गांधी के दौरे की शुरुआत श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर से होगी। प्रियंका गांधी काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंची और पूजा अर्चना की। चौकाघाट से पीलीकोठी होते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर तक प्रियंका गांधी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस रूट डायवर्जन में पुलिस जुटी है। बाबतपुर एयरपोर्ट पर जुटे कांग्रेस नेताओं ने प्रियंका गांधी स्वागत किया। फिर कांग्रेस महासचिव एयरपोर्ट से शहर के लिए रवाना हो गईं। साथ में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी हैं। रैली को संबोधित करने वाराणसी पहुंची कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा जिले में लगभग छह घंटे रहेंगी। प्रियंका के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश भरा है। किसान न्याय रैली से प्रियंका गांधी बनारस की आठों सीटों के साथ पूर्वांचल की 164 विधानसभा सीटों पर जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश करेंगी। रैली के पहले प्रियंका अपनी धार्मिक सियासी यात्रा भी करेंगी, जिसके तहत सबसे पहले वह बाबा विश्वनाथ के दरबार में शीश नवाएंगी और उसके बाद मां कुष्मांडा के दर्शन कर आदिशक्ति का आशीर्वाद लेंगी।

पुलिस अधिकारियों के तीखे सवाल, फिर भेजा जेल

रूट बदला तो गाड़ी उस रास्ते से क्यों गई?

सवालों में उलझता गया आशीष

लखीमपुर खीरी। टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों ने आशीष से तीखे सवाल किए, जिनका सामना करने में वह परेशान दिखा। जांच टीम ने पूछा कि घटना के वक्त वह कहां था? जब रूट बदला गया तो उसकी गाड़ी उस रास्ते से होकर क्यों गई? घटना का पता उसे कब चला? घटना में कितने लोग मारे गए और इसकी जानकारी उसे कब और कैसे लगी? लखीमपुर खीरी के तिकुनिया हिंसा मामले में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी का बेटा आशीष मिश्र शनिवार को 12 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को पेश न होने के बाद दूसरा नोटिस चस्पा कर शनिवार सुबह 11. 00 बजे उसे बुलाया गया था। तय समय से लगभग 20 मिनट पहले ही आशीष मिश्र वहां पहुंचा। पूछताछ के बाद रात करीब 11 बजे उसकी गिरफ्तारी हुई। इसके बाद अपराध शाखा के दफ्तर में ही लगभग एक घंटे तक मेडिकल जांच करने के बाद रात 12 बजे के बाद सीजेएम दीक्षा भारती की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं पुलिस कस्टडी मांगे जाने की अर्जी पर सोमवार को सुनवाई होगी। डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि जांच में सहयोग न करने और सही जवाब न देने के कारण आशीष को गिरफ्तार कर लिया गया। तीन अक्तूबर को हुए बवाल के बाद आशीष मिश्रा और बीस अन्य पर हत्या, बलवा आदि की धाराओं में तिकुनिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

जांच टीम के इन सवालों में उलझे आशीष मिश्र

टीम में शामिल पुलिस अधिकारियों ने आशीष से तीखे सवाल किए, जिनका सामना करने में वह परेशान दिखा। जांच टीम ने पूछा कि घटना के वक्त वह कहां था? जब रूट बदला गया तो उसकी गाड़ी उस रास्ते से होकर क्यों गई? घटना का पता उसे कब चला? घटना में कितने लोग मारे गए और इसकी जानकारी उसे कब और कैसे लगी? इस दौरान आशीष मिश्र मोनू ने घटना के दिन अपने बनवीरपुर होने की दलील दी। सूत्रों के मुताबिक जब जांच टीम ने पूछा कि घटना के दिन वह 2.36 से 3.30 के बीच कहां थे, तो वह इसका कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका।

वॉयस ऑफ हिंद और टीआरएफ के ठिकानों पर जारी कार्रवाई

जम्मू कश्मीर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर में 16 जगहों पर छापा मारा है। कुलगाम, बारामुला, श्रीनगर, अनंतनाग में कार्रवाई चल रही है। बताया जा रहा है कि वॉयस ऑफ हिंद पत्रिका से जुड़े मामलों में यह कार्रवाई हो रही है। बताया जा रहा है कि टीआरएफ(द रेजिस्टेंस फ्रंट) के कमांडर सज्जाद गुल के घर पर भी अधिकारियों ने छापा मारा है। वॉयस ऑफ हिंद पत्रिका (जिसका मकसद युवाओं को उकसाना और कट्टरपंथी बनाना है) के प्रकाशन और आईईडी की बरामदगी के संबंध में जम्मू-कश्मीर में 16 जगहों पर कार्रवाई जारी है। जिसमें एजाज अहमद टाक पुत्र गुलाम मोहम्मद टाक, मुदासिर अहमद अहंगर पुत्र गुलाम मोहिउद्दीन अहंगर, नसीर मंजूर मीर पुत्र मंजूर अहमद मीर और जुनैद हुसैन खान पुत्र मोहम्मद हुसैन खान को अचबल थाने ले जाया गया है, पूछताछ चल रही है। कश्मीर घाटी में इस महीने हुई टारगेट किलिंग के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इस बीच हमले में शामिल आतंकियों की धरपकड़ के लिए पूरे कश्मीर में कई जगहों पर छापे मारकर 500 से अधिक युवाओं को हिरासत में लिया।

बड़ी कार्रवाई:रतलाम जिले के ढोढर में 106 दुकानों का अवैध मार्केट जमींदोज

रतलाम। भूमाफिया, अवैध निर्माण को लेकर जिला प्रशासन की मुहिम में रविवार को जिले के ढोढर ग्राम में फोरलेन स्थित 106 दुकानों के अवैध मार्केट को जमींदोज कर दिया गया। इससे पहले शनिवार को सभी दुकान संचालकों को दुकान खाली कराने के नोटिस जारी करने के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रात भर और सुबह तक दुकानदार सामान अन्यत्र ले जाने में जुटे रहे। सूत्रों के अनुसार माफिया अभियान में अवैध धंधों से लाभ कमाकर अर्जित संपत्तियों को लेकर प्रशासन व पुलिस के स्तर पर जानकारी जुटाई गई। इसके आधार पर आगे कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि जिले में माफियाओं ने ड्रग्स, अवैध शराब, फिरौती वसूली आदि से की गई कमाई को प्रापर्टी, कालोनियों आदि में निवेश किया है। राज्य शासन से ऐसे माफियाओं को चिह्नित कर कार्रवाई करने के विशेष निर्देश हैं, जिससे आर्थिक तौर पर भी माफियाओं का जाल खत्म किया जा सके। अनुमति बगैर निर्माण के सामान्य मामलों से हटकर जिला प्रशासन ऐसे ही बड़े मामलों को लेकर तैयारी कर रहा है। इसी कड़ी में ढोढर में रविवार अवकाश के दिन प्रशासन और पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए 106 दुकानों के अवैध काम्प्लेक्स को जेसीबी, पोकलेन और अन्य संसाधनों की मदद से जमींदोज कर दिया गया।

पाकिस्तान के परमाणु बम के जनक अब्दुल कादिर खान का निधन

इस्लामाबाद। दुनियाभर में परमाणु तकनीक की तस्करी को लेकर कुख्यात रहे पाकिस्तानी परमाणु बम के जनक डॉ. अब्दुल कादिर खान का रविवार को निधन हो गया। उन्होंने 85 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। कोरोना होने के बाद अब्दुल कादिर खान पिछले दिनों जिंदगी और मौत से जूझ रहे थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार 85 साल के डॉ खान को 26 अगस्त को रिसर्च लेबोरेटरिज हॉस्पिटल में कोविड संक्रमित होने के बाद भर्ती किया गया था।

देश में त्योहारी सीजन में आतंकी हमले का खतरा, हाई अलर्ट पर पुलिस

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में आतंकी हमले का खतरा मंडरा रहा है। आतंकी हमले की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। शनिवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। न्यूज एजेंसी के अनुसार, दिल्ली पुलिस को त्योहारी सीजन के दौरान दिल्ली में आतंकवादी हमले के इनपुट मिले हैं। इनपुट मिलने के बाद दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने शनिवार को शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की और आतंकवाद विरोधी उपायों पर चर्चा की। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि आतंकवादियों को स्थानीय लोगों का समर्थन लेने से कैसे रोका जाए। हालांकि, उन्होंने कहा कि ऐसा कोई हमला तब तक नहीं हो सकता जब तक कि हमलावरों को स्थानीय समर्थन न मिले। अस्थाना ने कहा कि स्थानीय अपराधी, गैंगस्टर और रूढ़िवादी तत्व इस तरह के हमले में मदद कर सकते हैं। पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर कैफे, रासायनिक दुकान, पार्किंग स्थल, कबाड़ और कार डीलरों की पेशेवर रूप से जांच और निगरानी आवश्यक है। राकेश अस्थाना ने कहा कि पेट्रोल पंप और पेट्रोल टैंकरों को निशाना बनाने का इनपुट मिला है। उन्होंने किराएदारों और श्रमिकों के सत्यापन के लिए अभियान शुरू करने के भी निर्देश दिए।

हजयात्रा: पूरी तरह डिजिटल होगी प्रक्रिया, महिलाओं को फिर मौका

नई दिल्ली। दो साल से हज यात्रा की राह देख रहे लोगों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने इस साल हज यात्रा के लिए तैयारी शुरू कर दी है। मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मुंबई स्थित हज हाउस में ऑनलाइन बुकिंग केंद्र के उद्घाटन के दौरान कहा कि भारत में 2022 की हज यात्रा की पूरी प्रक्रिया 100 प्रतिशत डिजिटल होगी। हालांकि, इसकी घोषणा 21 अक्तूबर को होने वाली समीक्षा बैठक के बाद की जाएगी। नकवी ने बताया कि इस बैठक में अल्पसंख्यक मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं नागर विमानन मंत्रालय के अधिकारी, सऊदी अरब में भारत के राजदूत, जेद्दा में भारत के महावाणिज्यदूत और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

पलंग के नीचे सो रहा था मगरमच्छ

मंदसौर। मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ तहसील के ग्राम रायखेड़ा में बुजुर्ग अपने पलंग के नीचे लगभग सात-आठ फीट लंबे मगरमच्छ को देखकर होश उड़ गए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को रेस्क्यू कर चंबल नदी में छोड़ा। जानकारी के अनुसार बीती रात मल्हारगढ़ तहसील के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रायखेड़ा में मांगीलाल दायमा के घर में बड़ा मगरमच्छ घुस आया। पौत्र

विनोद दायमा ने बताया की घर में पलंग पर दादाजी मांगीलाल दायमा सो रहे थे। इसी दौरान मगरमच्छ पलंग के पास आकर बैठ गया। जब दादाजी की आंख खुली तो उनके होश उड़ गए। पहले तो आवाज ही नहीं निकली। किसी तरह उन्होंने अपने स्वजनों को आवाज लगाई। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से घर में मौजूद सभी लोग बाहर निकले और वन विभाग को सूचना दी। देर रात वन विभाग की टीम गांव में पहुंची और मगरमच्छ को रेस्क्यू कर पिजरे में कैद किया। सुबह वन अमले ने मगरमच्छ को चंबल नदी में छोड़ दिया।

मंदिर में फिल्मी गाने पर डांस पर बवाल

उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में महिला दर्शनार्थी के फिल्मी गाने पर डांस का वीडियो वायरल हुआ है। मंदिर की गरिमा व धार्मिक मर्यादा को ठेस पहुंचाते इस वीडियो के सामने आने के बाद मंदिर प्रशासन जांच में जुट गया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार महिला को नोटिस जारी किया जाएगा। मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि महाकाल दर्शन करने आई महिला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो अपलोड किया था। इसमें वह मंदिर परिसर में फिल्मी गाने पर नृत्य करती दिखाई दे रही है। इसके बाद महिला ने एक और वीडियो जारी कर माफी मांगी है।

असीमित नहीं है अभिव्यक्ति की आजादी, राम के बिना भारत अधूरा

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असीमित नहीं है। संविधान के तहत कुछ प्रतिबंध भी है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किसी को दूसरे की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। भगवान राम और कृष्ण के खिलाफ सोशल मीडिया में अपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कोर्ट ने कहा कि राम के बिना भारत अधूरा है। जिस देश में रह रहे हैं उस देश के महापुरुषों, संस्कृति सम्मान करना जरुरी है। कोई ईश्वर को माने या न माने, उसे किसी की आस्था पर चोट पहुंचाने का अधिकार नहीं है। वसुधैव कुटुम्बकम की संस्कृति है हमारी। कोर्ट ने कहा हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम् की रही है। हम सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु, मां कश्चित दुःख भाग भवेत।।की कामना करने वाले लोग हैं। हाईकोर्ट ने भगवान राम-कृष्ण के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने वाले आकाश जाटव उर्फ सूर्य प्रकाश को दुबारा ऐसे अपराध न करने की चेतावनी देते हुए सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट ने कहा कि याची पिछले 10 माह से जेल में बंद

हाईकोर्ट की टिप्पणी

हैं। विचारण शीघ्र पूरा होने की संभावना नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भी दाताराम केस में कहा है कि जमानत अधिकार है और जेल अपवाद। इसलिए जमानत पर रिहा किया जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने हाथरस के आकाश जाटव की अर्जी पर दिया है। याची का कहना था कि 28 नवंबर 2019 को किसी ने उसकी फर्जी आईडी तैयार कर अश्लील पोस्ट डाली। वह निर्दोष है और यह भी तर्क दिया कि संविधान में अभिव्यक्ति की आजादी है। जिसे अपराध नहीं माना जा सकता। सरकारी वकील ने कहा कि याची अहमदाबाद अपने मामा के घर गया था। जहां अपना सिम कार्ड मामा के लड़के के मोबाइल फोन में लगाकर अश्लील पोस्ट डाली है और एफआईआर दर्ज होते ही मोबाइल फोन व सिम कार्ड तोड़कर फेंक दिया है। कोर्ट ने कहा संविधान में मूल अधिकार दिए गए हैं। उसी में से अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार भी है। संविधान बहुत उदार है। धर्म न मानने वाला नास्तिक हो सकता है। इससे किसी को दूसरे की आस्था को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं मिल जाता।कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कहा कि मानव खोपड़ी हाथ में लेकर नृत्य करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह अपराध है।कोर्ट ने कहा ईद पर गो हत्या पर पाबंदी है। हत्या करना अपराध है। कानून में भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम गैर जमानती अपराध है अभिव्यक्ति की आजादी असीमित नहीं है।

इन शक्तिपीठों में रात-दिन एक बराबर होते हैं

10 सिद्ध देवी दरबार, जहां रात 2 बजे से लगती है भक्तों की लंबी कतारें

जबलपुर। नवरात्रि में संस्कारधानी जबलपुर शहर की हर गली-चौराहे में चहल-पहल नजर आ रही है। कुछ ऐसे भी स्थान रहे जहां रात और दिन का नजारा एक समान नजर आया। मंदिरों की सजावट और लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शहर के ऐसे ही 10 मंदिरों के बारे में हम आपको यहां बता रहे हैं। जहां देवी के दर्शन और जल ढारने के लिए रात 2 बजे से लंबी कतार लग जाती है।

प्राचीनकालीन इन मंदिरों में यह सिलसिला बरसों से चल रहा है। दूर-दूर तक फैली इन मंदिरों की ख्याति की वजह से यहां आधी रात से ही माता के भक्त कतार में खड़े होने लगते हैं।

1.बड़ी खेरमाई मंदिर प्राचीनकालीन है। कहा जाता है कि यह स्थान देवी की भक्ति और मन्नतें पूरी करने के लिए ही प्रसिद्ध है। मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र पर मेला भी भरा जाता है।

2. छोटी खेरमाई, इस मंदिर की ख्याति भी जबलपुर शहर तक सीमित नहीं है। प्राचीनकाली मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी तांता लगता है, जिसकी वजह से पुलिस भी खासे सुरक्षा इंतजामों के साथ यहां नवरात्र में रात 2 बजे से ही तैनात हो जाती है।

3. त्रिपुर सुंदरी अर्थात् तीन लोकों की सुंदरी। मंदिर के संबंध में कहा जाता है कि यह एक गड़रिया को प्राप्त हुई थी। यहां मन्नत पूरी करने के लिए नारियल बांधे जाते हैं। मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में नारियल देखने मिलते हैं। यहां का नजारा भी नवरात्र के अवसर पर देखते ही बनता है।4.राइट टाउन स्थित खेरमाई मंदिर में हर साल नवरात्र पर मेला भरा जाता है। यहां देवी दर्शनों के लिए रात से ही लोग पहुंच जाते हैं। नवरात्र के नौ दिनों तक ये नजारा यहां देखने मिलता है।

5. मत्रवाहिनी मंदिर पान दरीबा, इस मंदिर में प्राचीनकालीन देवी की एक मूर्ति है। नवरात्र पर यहां का माहौल देखते ही बनता है। मंदिर की प्रसिद्धि इतनी है कि महाआरती के वक्त मंदिर परिसर का करीब एक किलोमीटर का क्षेत्र भक्तों से पट जाता है। यहां पुलिस व्यवस्था के भी खासे इंतजाम किए जाते हैं।

6. पंडा मढिया गढ़ा, इस मंदिर को भी प्राचीनकालीन बताया जाता है। कहा जाता है कि पूरी श्रद्धा से यहां जो भी मांगा जाता है जरूर मिलता है। मंदिर में जल ढारने की प्रक्रिया सूरज निकलने के कई घंटे पहले ही महिलाओं की भारी भीड़ के साथ शुरू हो जाती है।

7.शारदा मंदिर मदन महल, मंदिर के संबंध में मान्यता है कि कभी यहां चीता देवी के दशज्नों के लिए आया करता था। रानी दुगाज्वती ने यहां झंडा चढ़ाने की प्रथा शुरू की। यह ऊंची पहाड़ी पर बना है और नवरात्र के दौरान सड़क से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह मंदिर भक्तों की भीड़ रात से ही बढ़ जाती है, जो सुबह तक कतार में तब्दील हो जाती है।

8.बरेला स्थित शारदा मंदिर में भी भक्तों की बड़ी संख्या देखने मिलती है। यह भी ऊंची चोटी पर स्थित है। मंदिर को लेकर अनेक मान्यताएं प्रचलित हैं, जिसकी वजह से यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं।

9. बाजनामठ आधारताल में स्थित लक्ष्मी मंदिर की प्रसिद्धि किसी से छिपी नहीं है। यह तांत्रिक मंदिर के रूप में भी जाना जाता है। यहां भी नवरात्र पर भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं।

10. कालीमठ मंदिर आमनपुर और कालीधाम भटौनी, इन मंदिरों की महिमा भी सवज़्विदित है। इनके सहित गढ़ा देवताल की पहाड़ी पर स्थित काली मंदिर भी पहाड़ पर बना है।



जबलपुर। लार्डगंज गणेश मंदिर में विगत 12 वर्षों से विराजित मां भगवती की मनमोहक प्रतिमा।

जेएसएससी डांस कॉम्पटीशन में स्टैमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल जबलपुर का लहराया परचम

जबलपुर, यशभारत। जेएसएससी डांस कॉम्पटीशन के अंतगज्त लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन ज्ञान गंगा इंटरनेशनल स्कूल जबलपुर में किया गया था । स्टैमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल जबलपुर की छात्राओं ने इस लोक नृत्य प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया । छात्राओं ने इस लोक नृत्य प्रतियोगिता मेंबुंदेलखंड का प्रसिद्ध अहिरी नृत्य का प्रदशज्न किया ।निणाज्यक मंडल में शामिल थीं प्रख्यात शास्त्रीय नृत्यांगना श्रीमती स्वाती दुबे एवं लोक नृत्य कलाकार श्रीमती इंदिरा पांडे। अद्भुत नृत्य का प्रदशज्न करते हुए निणाज्यक मंडल का निणज्य अपने पक्ष में करते हुए प्रथम स्थान अजिज्त किया। प्रतियोगिता में दूसरा स्थान लिटिल वल्डज् स्कूल, तिलवारा एवं तृतीय स्थान सेंट गैब्रियल्स रांझी ने प्राप्त किया। छात्राओं को ज्ञानगंगा इंटरनेशनल के प्राध्यापक राजेश चंदेल द्वारा पुरुस्कार की ट्रॉफी प्रदान की गई। उन्होंने छात्राओं को उनके इस जीत के लिए बधाई दी। इस अवसर पर संस्था के संचालक पवज् जैसवाल, संचालिका श्रीमती सुप्रिया जैसवाल एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती मनमीत कोहली ने छात्राओं को बधाई दी एवं आशा व्यक्त की, आने वाले भविष्य में भी वे इस प्रकार का बेहतर प्रदशज्न करते रहेंगे।

गरीब कन्याओं को भेंट की पाठ्य सामग्री

साथी हाथ बढ़ाना संस्था द्वारा सेवा प्रकल्प जारी

जबलपुर यशभारत।खमरिया क्षेत्र और उसके आसपास गरीब छात्र छात्राओं की सेवा के साथ रक्तदान जैसे परोपकारी कार्य करने वाली संस्था साथी हाथ ब ?ाना द्वारा नवरात्रि का तीसरे दिन माँ दुर्गा और , माँ नर्मदा के आशीर्वाद से पराग दीवान के द्वारा गरीब विद्यार्थी छात्र छात्राओं के लिए 200 पेज की100 नोटबुक,200 पेन, चॉकलेट, बिस्कुट, आदि सामग्री, का वितरण किया गया जिन्हे ।संस्था के श्री पराग द्वारा नि:शुल्क शिक्षा का दान 100 बच्चो को दिया गया। सभी विद्यार्थी आर्थिक परिस्थिति से कमजोर वर्ग से है जिन्हे स्कूल जाना भी बड़ी कठनाई से होता है।श्री पराग की देखरेख में सभी बच्चों को 2016 से निरंतर किया जा है द्य साथी हाथ बढ़ना द्वारा उन बच्चों ये आश्वसंस्त किया कि अगली बार टीम उन्हें व्हाइट बोर्ड और अन्य सामग्री भी प्रदान करेगी।

केशरवानी समाज महिला सभा का गरबा कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न

जबलपुर। जबलपुर केशरवानी समाज महिला सभा एवम तरुण सभा के द्वारा आयोजित गरबा कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक शरद अग्रवाल , यश भारत संचालक आशीष शुक्ला के अतिथी में राधा कृष्ण मंदिर में कार्यक्रम सम्पन हुआ इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष गोकुल केशरवानी ,राजीव गुप्ता, दीनदयाल व्यापारी प्रकोष्ठ मंडल संयोजक राजकुमार केशरवानी,गोरे केशरवानी, महिला सभा के सुरेखा केशरवानी, निधि गुप्ता सहित समाज के राजेश केशरवानी पग ?ी हाउस, राकेश केशरवानी अधिवक्ता, वीरेंद्र केशरवानी ,मन्नू केशरवानी,सहित अनेक समाज के पुरष एवम महिलाये उपस्थित थे !

अग्रसेन जयंती के अवसर पर वै सनेशनशिविरस पन

जबलपुर । अग्रसेन कल्याण मण्डपम विजय नगर में प्रतिभा विकास मंच द्वारा अग्रवाल सभा के सहयोग से वेक्सिनेशन केम्प आयोजित हुआ।इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल , भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक शरद अग्रवाल , कैलाश बब्बा जी,डॉ विजय अग्रवाल, अरुण अग्रवाल , ब्रजेश, रूपेश,पीयूष, संजय, शिशर, अमित, शिरीन,आशीष,श्रद्धा,सहित अनेक समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे

पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म

बर्सी महोत्सव के अवसर पर बाबा माधवशाह चिकित्सालय में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन, चिकित्सा विशेषज्ञों ने किया 8 सौ से ज्यादा मरीजों का उपचार

कटनी। मानव सेवा की सफलता के तीन दशक पूर्ण कर चुके बाबा माधवशाह चिकित्सालय में वर्सी महोत्सव के अवसर पर 9-10 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 9 अक्टूबर को एलोपैथी विभाग में 525, प्राकृतिक चिकित्सा विभाग में 190, फिजियोथैरेपी विभाग में 30, एक्युप्रेशर चिकित्सा विभाग में 16, होमियोपैथी चिकित्सा विभाग में 52 रोगियों की आवश्यक जांच कर चिकित्सा परामर्श एवं दवाईयां प्रदान की गई। इस अवसर पर कटनी, जबलपुर, नागपुर, रायपुर, दिल्ली, नागपुर, सोहागपुर, सांगली सहित कई शहरों के अनुभवी कुशल चिकित्सकों ने यहां पहुंचकर निःशुल्क सेवाएं दी। जिसमे हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पराज पटेल जबलपुर, डॉ. अनिमेष गुप्ता, डॉ. उमामहेश्वर जबलपुर, डॉ. नेहा रामसिघानी मनो चिकित्सक जबलपुर, डॉ. कावेरी छा. पटेल स्त्रीरोग विशेषज्ञ जबलपुर, डॉ. निधी बजाज स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ. पूजा हिंदुजा बाल्यरोग विशेषज्ञ, डॉ. शैलेन्द्र मेघवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ दिल्ली, डॉ. स्वाती पोपटानी नेत्र रोग विशेषज्ञ रायपुर, डॉ. सूर्यकान्त वरन्दानी नेत्र रोग विशेषज्ञ सुहागपुर, डॉ. अविनाश लच्छवानी रायपुर, डॉ. श्रीचन्द चांदवानी जबलपुर, डॉ. गिरीश छाबरानी दन्तरोग विशेषज्ञ नागपुर, डॉ. दिव्या छाबरानी दन्तरोग विशेषज्ञ नागपुर, डॉ. सुमन वरल्यानी दन्तरोग विशेषज्ञ सांगली, डॉ. धीरज कृपलानी दन्तरोग विशेषज्ञ, डॉ. जी सी मोटवानी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. मैत्रेई एम भुंसारी जनरल फिजीशियन, डॉ. बलदेव सिंह हृदयरोग विशेषज्ञ, डॉ. कनिका अग्रवाल चर्मरोग विशेषज्ञ, डॉ. बी बी एस दिखित एनेस्थेटिस्ट, डॉ. प्रसंग बजाज जनरल सर्जन, डॉ. वी के लालवानी जनरल फिजीशियन, डॉ. शिवांगी सोनी फिजियोथैरेपी, डॉ. एस के द्विवेदी, डॉ. माया शिम्पी, डॉ. अभिषेक पाण्डे, डॉ. प्रशान्त जैन एक्युप्रेशर शामिल है। सभी चिकित्सकों ने निष्काम भाव से निःशुल्क सेवाऐं प्रदान की।

नवरात्रि पर्व पर सिंधी छेज का रंगारंग आयोजन

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया महिला शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम

कटनी। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया महिला शाखा द्वारा नवरात्रि के पावन उपलक्ष में स्थानीय फर्स्ट स्टेप एजुकेशन सोसाइटी नई बस्ती में सिंधी संस्कृति एवं नृत्य कला को प्रोत्साहित एवं आगे बढ़ाने हेतु सिंधी छेज का रंगारंग आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री झूलेलाल साई एवं शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना के साथ हुआ। कार्यक्रम में काउंसिल की मेंबर्स एवं आमंत्रित अतिथियों द्वारा एकल नृत्य, ग्रुप डांस, मटकी डांस, नॉनस्टॉप डांस, म्यूजिकल चेयर डांस आदि अनेक तरह की शानदार नृत्य कलाओं का प्रदर्शन किया जिसका उपस्थित जनों ने भरपूर आनंद उठाया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सिमरन सहजवानी एवं मनीषा गिडवानी को पुरस्कृत किया गया। अंत में सभी ने एकजुट होकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं समाज को आगे बढ़ाने हेतु यथासंभव कार्य करने का संकल्प लिया। सभी आमंत्रितजनों का आभार कार्यक्रम संयोजक नीतू लालवानी द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों में कौंसिल अध्यक्ष श्रीमती नीलम जगवानी, श्रीमती शोभा लालवानी, सोनिया बत्रा, मोना पुरस्वानी, लक्ष्मी खूबचंदानी, सुमन छत्तानी, एकता बत्रा, कला रीझवानी, अनीता जोधवानी, इंदु खूबचंदानी, रेशमा पंजवानी, वाणी बजाज, कुसुम गिडवानी, काजल जादवानी, सोनम रूपचंदानी, रेशमा तीर्थनी, पूजा मंगलानी की उपस्थिति रही।

150 मरीज आपरेशन के लिए चित्रकूट रवाना

कटनी। ब्राह्मण समाज के द्वारा हर महीने की 9 तारीख को नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के चिकित्सकों द्वारा मरीजों का नेत्र परीक्षण किया जाता है, जिसमें कल 9 अक्टूबर शनिवार 150 मरीजों का नेत्र परीक्षण हुआ। जिसमें 30 मरीजों को आपरेशन के लिए चित्रकूट के लिए रवाना किया गया। नेत्र शिविर का आयोजन स्व. चंद्रकांत गौतम की पुण्यस्मृति में किया गया, जिसमें ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, बिल्लू शर्मा, सूर्यकान्त गौतम, संजय शर्मा, प्रेम प्रकाश दीक्षित, सूर्यकान्त मिश्रा, विक्रांत शर्मा, के के गौतम, पप्पू गर्ग की उपस्थिति रही।



नीलिमा ❤ से

गूंज उठे जयकारा

शुभ आगमन है मां भवानी
सिंह पर सवार होकर
खुशियां अपार लेकर आईं
मां भवसागर तारिणी
तू ही शक्ति, तू ही भक्ति
तू ही गौरी, तू ही दुर्गा
तू ही अंबे, तू जगदम्बे
कात्यायनी जन्मदायिनी मां
गूंज उठे जयकारा
धरती और गगन में
भक्तजन सब मगन हुए
मां तेरे अलौकिक दर्शन में
संसार में उजाला लेकर
उल्लास का पैगाम लेकर
आई ज्योतिरूपिणी पथ प्रदर्शनी मां
दुखियों की दुखहारिणी
भक्तों की कल्याणी मां
सब पर बरसा दो कृपादृष्टि
सबका कर दो उद्धार मां
बिगड़ सबके काम बना दो
सुख-समृद्धि-ज्ञान का वरदान दो
है मेरी यही कामना
पूरी हो सबकी मनोकामना
तेरी महिमा अपरंपार भवानी
जय..जय..जय..जगदम्बे भवानी।

- नीलिमा पाठक सामंतरे

वेटरनरी को चाहिए जर्मनी की फेको इमसीफिकेशन मशीन

कुत्तों के ऑपरेशन आज भी पुराने पद्धति से करने मजबूर डॉक्टर्स

जबलपुर। नानाजी देशमुख विश्वविद्यालय नए-नए कीर्तमान स्थापित कर रहा है। पशुओं के लिए पोष्टिक दाने बनाने का काम हो या फिर डॉग्स का अलसर का ऑपरेशन। इन सभी में वेटरनरी डॉक्टरों ने इतिहास रच दिया है लेकिन आज भी वेटरनरी के डॉक्टरों के पास आधुनिक संसाधनों की कमी है। जिसका नतीजा यह है कि डॉक्टर पुरानी पद्धति से काम करने मजबूर है। सर्जरी विभाग में कार्यरत डॉक्टर कुत्तों के मोतिया बिंद का ऑपरेशन पुरानी पद्धति मतलब चीरा लगाकर कर रहे हैं जबकि आधुनिक दौर में ऐसी मशीनें आ चुकी जिसमें कुछ मिनटों में बगैर चीरा लगाए हुए ऑपरेशन हो रहे हैं। वेटरनरी सर्जरी विभाग को जर्मनी की फेको इमसीफिकेशन मशीन की जरूरत है इसके लिए डॉक्टर्स कुलपति से लेकर शासन तक को अनेक पत्र लिख चुके है परंतु सर्जरी विभाग को यह मशीन उपलब्ध नहीं हो रही है। इस मशीन के मिलते ही डॉक्टर कुत्तों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कुछ मिनिट में कर पाएंगे अभी एक ऑपरेशन में एक से दो घंटे लग रहे हैं।

10 से 12 केस मोतियाबिंद के हर माह आ रहे हैं

सर्जरी विभाग की हेड डॉक्टर अपरा शाही ने बताया कि इस सीजन में डॉग्स में मोतियाबिंद कुछ ज्यादा ही पाया जा रहा है। हर माह 10 से 12 केस मोतियाबिंद के आ रहे हैं। डॉक्टरों के पास आधुनिक संसाधन नहीं होने से परेशानी हो रही है। फेको इमसीफिकेशन मशीन की जरूरत है अगर यह मशीन विभाग को मिल जाए एक डॉग्स का आपरेशन करने में 10 से 12 मिनिट लगेंगे फिलहाल अभी एक ऑपरेशन में एक से दो घंटे लग रहे हैं।

यशभारत खास खबर

विवि को जल्द मिलेगी मशीन, शासन को भेजा गया है प्रस्ताव

वेटरनरी विवि के कुलपति एसपी तिवारी ने बताया कि वेटरनरी सर्जरी विभाग को फेको इमसीफिकेशन मशीन जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है। यह मशीन सर्जरी विभाग को प्राप्त हो जाएगी तो कुत्तों के मोतियाबिंद ऑपरेशन बड़ी आसानी से हो सकेंगे।

फैक्ट फाइल

- फेको इमसीफिकेशन मशीन जर्मनी की है।
- घंटो चलने वाले ऑपरेशन इस मशीन की सहायता से कुछ मिनिटों में हो जाते हैं।
- एक मशीन की लागत 15 लाख है।
- भोपाल सहित कुछ जिलो के वेटरनरी अस्पताल में यह मशीन उपलब्ध है।
- कुत्तों को मोतियाबिंद अधेड़ उम्र में होता है जिसमें चीरा से मोतियाबिंद दूर करना कठिन काम है। कुत्तों के साथ मोतियाबिंद गाय-भैंस और बकरी को भी होता है लेकिन इनकी संख्या बहुत कम होती है।

सिविल लाइन में बच्चों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल गुमा पर्स मालिक को लौटाया

जबलपुर,यशभारत। आज के समय में जहां पांच रूपये के पीछे बड़ों में खूनखराबा तक की नौबत आ जाती है वही अगर ऐसे में किसी को पर्स पड़ा हुआ मिले और उसमें लगभग पांच हजार रूपये हो तो मन में लालच आना स्वाभाविक है लेकिन भावी पीढ़ी इस लालच से कोसो दूर है, कुछ ऐसी ही मिसाल कल सिविल लाईन थाने में देखने को मिली जब गणेश और अनमोल नामक दो बच्चों ने ईमानदारी की मिसाल पेश की, दरअसल मामला सिविल लाइन थाने का है, जहां गणेश और अनमोल नाम के दो बच्चों ने एटीएम में मिले पर्स को थाना पुलिस को सौंपा। गणेश और अनमोल ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया की उन्हें यह पर्स एटीएम से मिला है जिसके बाद थाना प्रभारी हिना खान ने पर्स को चेक करते हुए पर्स के मालिक से सम्पर्क करते हुए पर्स को सौप। अपना गुमा हुआ पर्स पाकर हंसराज बेहद खुश हुए। उन्होंने कहा की उन्हें तो उम्मीद ही नही थी की उन्हें उनका पर्स मिलेगा, पर्स में उसके आधारकार्ड, पेनकार्ड सहित कीमती चीजें थी जिसके न मिलने पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता। जिसके बाद पर्स मालिक हंसराज ने उन बच्चो को इनाम देते हुए सिविल लाइन पुलिस के कार्य की भी सराहना की तो वही थाना प्रभारी हिना खान भी बच्चों की ईमानदारी की कायल हुई उन्होने भी अपनी ओर से इन ईमानदार बच्चों को सम्मानित किया।

बटुए में अधारकार्ड, पेन कार्ड सहित पांच हजार रूपये पुलिस को सौंपे

खमरिया मे भगवा को छोड़ लाल झंडे को थामा

संभावित वर्क्स कमेटी चुनाव को लेकर यूनियनों मे होड़

जबलपुर यशभारत। इन दिनों खमरिया फैक्ट्री में तीनों यूनियनों मे एक दूसरे की यूनियन से कार्यकर्ताओं को अपनी ओर रिझाने की जोर अजमाइश के साथ अपनी यूनियन की ताकत बढ़ने का दावा किया जा रहा है। इसी क्रम में खमरिया की लेबर यूनियन ने दावा कर विज्ञप्ति में बताया कि कई पदाधिकारियों ने भगवा झंडा कामगार यूनियन को छोड़ लेबर यूनियन की सदस्यता ली। बताया गया कि सदस्यता लेने वाले का कहना था कि कामगार यूनियन में शामिल कुछ पदाधिकारी खुले आम पक्षपात करते हैं उन्हें कर्मचारियों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। बहरहाल लेबर यूनियन के यूनियन के वरिष्ठ नेता सुनील श्रीवास्तव शरद

अलबाल जे सी एम सचिव राकेश रंजन शिवेंद्र रजक फैडरल सदस्य हरीश चौबे दिनेश नामदेव दीपक संतोष सिंह कार्य समिति सचिव गौतम शर्मा रोहित सेठ संजीव कुमार संगम सिंह पवन राठी सुरेश कन्ना आदि ने नए सदस्यों का पुष्पहारो से स्वागत किया इस मौके पर अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह महामंत्री अर्नब दास गुप्ता ने फेडरेशन द्वारा निगमीकरण के विरोध में माननीय न्यायालय में प्रस्तुत याचिका के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर लेबर यूनियन के महामंत्री अर्नवदास गुप्ता ने बताया कि यूनियन प्रबंधन के समक्ष लगातार कर्मचारियों के हित में मांग उठाकर उन्हें यथा संभव राहत दिलाने की कोशिश कर रही है।

सौभाग्य योजना का भुगतान नहीं तो बेमुद्दत हड़ताल की चेतावनी

विद्युत ठेकेदार संगठन ने एस डी एम को

जबलपुर यशभारत।मध्यप्रदेश पावर मेनेजमेंट कंपनी द्वारा विद्युत ठेकेदारों से सौभाग्य योजना के तहत काम तो करा लिया।लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी उनका भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि कंपनी के पास न केवल पर्याप्त फंड है अपितु अभी और फंड आने की संभावना है।लेकिन पावर कंपनी के प्रबंध संचालक अनावश्यक भुगतान रोके हुए हैं।अब यदि सौभाग्य योजना के तहत किये गए कार्यों का भुगतान नहीं होता है तो ठेकेदार अनिश्चित कालीन ह?ताल पर जाने के लिए बाध्य होंगे।उक्त चेतावनी के साथ मध्य भारत विद्युत ठेकेदार संघ ने एक ज्ञापन एस डी एम को सौंपा। संगठन के अध्यक्ष जे पी दुबे उपाध्यक्ष रवि सोनी ने बताया कि कंपनी द्वारा भुगतान के साथ पूर्ण हो चुके कार्य का मापन भी नहीं किया जा रहा है। संगठन की मांग है कि सौभाग्य योजना के पूर्ण कार्यों का मापन किया जाए संयुक्त मापन के बिल तत्काल एकाउंट भेजे जाएं लेखा कार्यालय में रखे बिलों का शीघ्र भुगतान किया जाए रोके गये देयक और मापन नहीं किये जाने पर एम यस ई एक्ट के तहत चक्रवर्ती ब्याज दर18फीसदी भुगतान किया जाए।नेताओं ने कहा कि मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भारतीय संविदा अधिनियम का अतिक्रमण कर रही है। लिहाजा बेमुद्दत हताल के अलावा कोई चारा नहीं बचा है।

मिलावटखोर के संकटमोचक बने नेताजी

अतिक्रमण कार्रवाई से लिया बचा

जबलपुर,यशभारत। विगत कुछ दिनों पूर्व नकली ब्रुक बॉण्ड चाय की पत्ती बेचने का काम धडल्ले से जारी था जिसके बाद कम्पनी के अनिल मल्होत्रा द्वारा आकर पुलिस से इसकी शिकायत की गई थी जिसकी बाद जागी पुलिस ने कंपनी की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने नकली ब्रुक बॉण्ड रेड लेबल चाय पत्ती के कारोबार में लिप्त आरोपी प्रकाश चांदवानी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर उससे बडी मात्रा में नकली चायपत्ती बरामद की। कार्रवाई के बाद मिलावटखोर पर शिकंजा कसने के लिये उसकी सम्पत्ति की जांच भी प्रशासन द्वारा की जा रही थी जांच के पश्चात निगम का अतिक्रमण दस्ता शुक्रवार की सुबह अपर कलेक्टर और दो पटवारियों के साथ पहुंचा था, कार्रवाई की जानकारी मिलावटखोर को रात में ही लग गयी थी जिसके बाद वह कार्रवाई को रोकने की जद्दोजहद में लगा था। ऐसे में मिलावटखोर के लिये संकटमोचक बने क्षेत्र में ही रहने वाले भाजपा के एक बड़े नेता जिन्होने अपने रसूख का फायदा उठाते हुए मिलावटखोर के यहां होने वाली कार्रवाई को रूकवा दिया। प्रशासन का अमला द्वारका नगर लालमाटी पहुंचा तो कार्रवाई करने के उद्देश्य से था लेकिन भाजपा नेता के हस्तक्षेप के बाद अतिक्रमणरोधी दस्ते को बैरंग वापिस लौटना पड़ा था।

कार्रवाई करने पहुंचा दस्ता लौटा बैरंग, कार्रवाई रूकवाने रात भर लगा रहा जद्दोजहद में

ये था मामला

जबलपुर में लंबे अरसे से नकली चायपत्ती बनाने का काम चल रहा था, रेड लेबल कंपनी के अनिल मल्होत्रा ने नई दिल्ली से जबलपुर आकर पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा से की, कंपनी की शिकायत पाते ही एसपी ने क्राइम ब्रांच और कोतवाली थाना पुलिस को निर्देशित किया जिसके बाद पुलिस ने जब प्रकाश चांदवानी के गलगला स्थित शास्वत ट्रेडर्स पर दबिश दी तो वहाँ पर हू-ब-हू ब्रुक बॉण्ड रेड लेबल चाय की चायपत्ती 500, 250 ग्राम पैकिंग वाली 30 पेटियां मिली, शिकायतकर्ता अनिल मल्होत्रा ने पुलिस को बताया था कि, रेडलेबल चाय की हू-ब-हू नकली चायपत्ती है, शास्वत ट्रेडर्स के संचालक प्रकाश चांदवानी में सघन पूछताछ पर नकली ब्रुक बॉण्ड रेडलेबल चाय का व्यवसाय करना स्वीकार किया।

उत्कृष्ट डिजाइन और निर्माण को मिला सम्मान

जबलपुर, यशभारत। इंजीनियर्स - आर्किटेक्ट की देखरेख में मजबूत निर्माण होता है, और आधुनिक तकनीकों का प्रयोग कर निमार्णों को दीर्घकालिक बनाया जा सकता है, यह विचार प्रस्तुत किए वेस्ट - सेन्ट्रल रेलवे के प्रिंसिपल चीफ इंजीनियर अनिल पांडे। अवसर था इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट जबलपुर सेंटर और अल्ट्राटेक सीमेंट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कंक्रीट डे और एनुअल एंडाउमेंट अवार्ड 2021 का। उन्होंने इस आयोजन की प्रसंशा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से दूसरों को भी अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। स्थानीय होटल शॉन एलिजे में 9 अक्टूबर को आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में पुणे से आए वरिष्ठ कंसल्टेंट इंजी. प्रदीप घुमारे ने आर्किटेक्रल कंक्रीट के बारे में बताया और कहा कि अब कंक्रीट से किसी भी प्रकार का टेक्सचर, डेकोरेटिव फि निश बनाई जा सकती है। तकनीकी संबोधन के साथ उन्होंने आर्क्टेक्रल कंक्रीट के मॉड्यूल प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के आरम्भ में आई सी आई जबलपुर संस्था के चेयरमैन इंजी. मनीष दुबे ने संस्था के द्वारा किए गए कार्यो के बारे में विस्तार से बताया। देश की दूसरी बड़ी तकनीकी संस्था इंडियन कॉंक्रीट इंस्टीट्यूट जबलपुर सेंटर के तत्तावधान में कॉंक्रीट डे एर्व संपूर्ण महाकौशल क्षेत्र में किए गये आउट स्टेंडिंग कंस्ट्रक्शन को सम्मानित करने हेतु अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवार्ड हेतु 23 जिलों से विभिन्न कृति की जांच परख कर सर्वोत्तम एंट्री को परखना कितना मुश्किल था इसे ज्यूरी चेयरमैन वरिष्ठ कंसल्टेंट इंजी. आर. के. श्रीवास्तव ने बताया। इंजी श्रीवास्तव ने बताया कि अवार्ड हेतु एक जूरी का गठन किया गया था जिसमें इंजी मनीष दुबे, डॉ. संजय वर्मा, इंजी प्रवीण ब्यौहार, इंजी मधु सूदन दुबे, डॉ. राजीव चांडक और आर्किटेक्ट सुजीत कलन्तरे थे।

इंजीनियर्स- आर्किटेक्ट की देखरेख में होता है मजबूत निर्माण

अवार्ड समारोह में रीवा के इंजी. आर के सिंह को 60वर्षों से ज्यादा समय तक सीमेंट और कंक्रीट के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों हेतु उन्हें आउटस्टैंडिंग कंट्रीब्यूटर का अवार्ड दिया गया। इसी क्रम में हर वर्ष महिला शक्ति के द्वारा किए गए सराहनीय कार्य करने वाली नारी शक्ति को सम्मानित करने हेतु इस बार इंजी. शिवानी अग्रवाल जबलपुर को उनके द्वारा गत वर्ष किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु यंग कंट्रीब्यूटर के खिताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य स्पॉन्सर अल्ट्राटेक सीमेंट की ओर से डॉ. (प्रोफ़े.) ए. के. तिवारी वाइस प्रेसीडेंट टेक्निकल सेंट्रल ज़ोन ने अल्ट्रा टेक सीमेंट ओर आदित्य बिरला ग्रुप के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में राजेश सोलंकी, मार्केटिंग हेड महकौशल सहित बड़ी संख्या में इंजीनियर्स, आर्किटेक्ट्स, बिल्डिर्स, टेक्नोक्रेट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफ ल संचालन संस्था सचिव इंजी. आदिश सिंह मोदी एवं आभार प्रदर्शन इंजी. संजय वर्मा ने किया। कार्यक्रम को सफ ल बनाने में इंजी. संजीव जैन, नीरज ब्योत्रा, सुधीर मिश्रा, अर्पित जैन, सागर श्रीवास्तव पी के सोनी, दिनेश कोष्टा संजय विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा।

एनुअल एंडाउमेंट अवार्ड 2021 में इन्हें मिले सम्मान

- इंडिविजुअल रेसिडेंशियल बिल्डिंग ओनर- संकल्प कोचर, आर्किटेक्ट - राज मेवाड़ा
- मल्टीड्वेलिंग बिल्डिंग ओनर - अनमोल आशियाना, आर्किटेक्ट - नीरज अग्रवाल
- कमर्शियल बिल्डिंग - ओनर - होटल रॉयल ऑरबिट, आर्किटेक्ट - श्री डिजाइन इंस्टीट्यूशनल बिल्डिंग - ओनर - एम.सी. एस. स्कूल बालाघाट, इंजीनियर - मोहम्मद इकबाल मसूरी, (इस निर्माण को रेनवाटर हावेज्स्टिंग के लिए भी प्रशंशित किया गया।)
- इन्फ्रास्ट्रक्चर कैटेगरी - जबलपुर के विभिन्न चौराहों की डिज़ाइन और विकास के लिए स्मार्ट सिटी जबलपुर को सम्मानित किया गया।

होम्योपैथिक चिकित्सकों से लिया स्वास्थ्य लाभ

जबलपुर। बड़ा फुहारा स्थित राधाकृष्ण मंदिर में मुकेश साहू जी के संयोजन में होम्योपैथिक चिकित्सको द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं वैक्सीनेशन का आयोजन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर इस चिकित्सा शिविर का लाभ लिया इस अवसर पर व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, एडवोकेट सिद्धार्थ शुक्ला, सहकार भारती के अखिलेश दीक्षीत सहित अनेक जन उपस्थित थे।

बड़ा फुहारा स्थित राधाकृष्ण मंदिर में वेक्सिनेशन एवम स्वास्थ्य शिविर

कला उत्सव का आनलाइन आयोजन 11 अक्टूबर से

जबलपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा कला उत्सव 2021 का आयोजन 11 अक्टूबर से आनलाइन किया जा रहा है। कला उत्सव स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 से आयोजित एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचानना, उसे पोषित करना और प्रस्तुति करना है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेसर्स फ्रोजन एग्रो इंडस्ट्रीज पंजीयन क्रमांक 04/14/01/0166/16 दिनांक 25/10/16 पता - एलआईजी- 31 न्यू. पी.पी कॉलोनी ग्वारीघाट रोड, जबलपुर (म.प्र.) उक्त फर्मों में चार भागीदार है, 1. दीपक कुमार समतानी पिता वी.एम. समतानी 2. आशीष बजपुरिया पिता अरविन्द बजपुरिया 3. मनीष गुप्ता पिता एन.पी. गुप्ता 4. जतिन सावला पिता क्रित सावला उक्त फर्म में दिनांक 07.08.2021 को रोशन मुलतानी पिता विजय कुमार मुलतानी सम्मलित हो रहे हैं। तथा भागीदार क्र. 2. आशीष बजपुरिया 3. मनीष गुप्ता एवं 4. जतिन सावला रिटायर हो रहे हैं। एवं फर्म का पता परिवर्तित होकर नया पता प्लाट नं. 3,4 उमरिया, डुंगरिया इंडस्ट्रीयल स्टेट जबलपुर म.प्र. किया जा रहा है, अतः किसी व्यक्ति संस्था/ फर्म को कोई भी आपत्ति हो तो फर्म रजिस्ट्रार कार्यालय जबलपुर में 7 दिवस के अंदर आपत्ति दर्ज करा सकता हैं। जबलपुर दिनांक 09.10.2021 भवदीय-

विनय मिश्रा एड.
ओ/नि.- म.नं. 346, तुलता नगर, गढ़ा
जबलपुर मो.- 9301504557

बसपा संस्थापक कांशीराम का किया गया स्मरण परिनिर्वाण दिवस पर विचार संगोष्ठी मे रखे विचार

जबलपुर। बसपा ने पिछडे समाज को राजनैतिक मंच दिया जिसकी बदौलत ही, आज पिछडे समाज के नेताओं को राजनीति मे महत्व दिया जा रहा है। उक्त विचार बामसेफ डी.एस.4, एवं बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम साहब के 15वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बसपा द्वारा दंगल मैदान घमापुर पानी की टंकी के पास आयोजित संगोष्ठी में बसपा नेताओं ने रखे। जोन इंचार्ज बालकिशन चौधरी ने अपने उदबोधन के दौरान कहा कि स्व. कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज के लिए अर्पित कर दिया।उनके त्याग की बदौलत ही पिछडे समाज को राजनैतिक मंच मिला।आज जरूरत है कि बसपा की सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की सरकार बने।इस मौके बसपा जिला अध्यक्ष एड लखन अहिरवार इंजी सुभाष सिंह मरकाम दिनेश कुशवाहा राकेश समुंदरे डॉ

राकेश चक्रवर्त भोले शंकर ईश्वरी बौद्ध लछमन समुंदरे अशोक नामदेव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में चंदमणी वर्मा राजमणी मनोज पटेल नीरज चौधरी मुकेश सूर्यवंशी महेंद चडडा शिव प्रकाश राकेश चौधरी नरेंद्र चौधरी दूधनाथ सोनकर गायत्री बंशकार रवि चौधरी सुशील राजा लालबहादुर साकेत आदि बसपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

रक्तदान के लिए करेंगी जागरूक

जबलपुर। अंशिका विश्वकर्मा जो विगत सात वर्षों से भैरवी विश्वरूप से कथक नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। जिनकी बेहतर शिक्षा से ही वह राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर सम्मान हासिल करने वाले अंशिका विश्वकर्मा ने बताया कि वह अपनी प्रतिभा के माध्यम से थैलीसीमिया की बीमारी को समाप्त करने व रक्तदान के लिए समाज के हर वर्ग को जागरूक करने का काम करेंगी। जिससे किसी भी पीड़ित की मदद हो सके। अंशिका ने बताया कि उन्होंने देखा है कि किस तरह थैलीसीमिया के मरीजों को बार-बार रक्त चढ़ाना पड़ता है। जो कि बहुत कष्टकारी होता है, ऐसे में अंशिका का कहना है कि वे थैलीसीमिया मरीजों की मदद करेंगी।

विजय मशाल को लेकर दौड़े सेना के जवान, नागरिक

विजय मशाल की गई जोश खरोश से आगवानी

जबलपुर यश भारत। भारत पाकिस्तान युद्ध मे पाकिस्तान को भारतीय सेना की बहादुरी और पाकिस्तान को धूल चटाने का विजय पर्व की याद में 50 वी वर्षगांठ पर शहर में आई विजय मशाल को लेकर लोगों में बड़ा उत्साह रहा।कोबरा ग्राउंड से प्रारंभ हुई 50 किलोमीटर की मैराथन दौड़ में सेना के जवानों के साथ शहर के नागरिकों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया। मैराथन दौड़ में के प्रारंभ होने पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश माननीय मोहम्मद रफीक के साथ लेफ्टिनेंट जनरल मोहन जनरल कमांडिंग ऑफिसर एमबी एरिया ने सुबह 6:30 बजे वन सिगनल ट्रेनिंग सेंटर

जीआरसी और जैक राइफल रेजीमेंट के साथ नागरिकों ने जोश खरोश से हिस्सेदारी ली। करीब 50 किलोमीटर की दौड़ में नागरिकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं उन बुजुर्गों को आज से 50 वर्ष पूर्व हुए भारत पाकिस्तान के युद्ध की याद दिला दी।जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सेना को हथियार डालने मजबूर कर दिया और एक लाख सैनिकों ने भारतीय सेना के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन क्षणों को याद करके बुजुर्गों में जहां रोमांच व्याप्त हुआ वहीं युवकों और अन्य लोगों ने देश के प्रति समर्पण का संकल्प लिया।

क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक

डॉ. शंकर हब्लानी बी.डी.एस. (इन्दौर) दांक एवं मुख रोग विशेषज्ञ रेनबो कलर लैब के सामने, सतना बिल्डिंग जबलपुर।

मो. 9340734722, 8989804354

विशेषतायें- रूट कैनाल ट्रीटमेन्ट, फिक्स दांत- सिरेनिक, दांतो की सफाई, बत्तीस, पायरिया इलाज, फिक्स ब्रेसेस

Jabalpur Smart City Limited (JSCL)

Manas Bhavan Wright Town Jabalpur, M.P. -482001,www.jsclja-balpur.org. Contact: admin@jscljabalpur. org, ceojscl@mpurban.gov.in

Ref No:JSCL/2021/1129/ADM/41 Date-8/10/2021

Notice Inviting Tender

JSCL invites online Percentage Bid For the work of **"Construction of Conservancy Lanes,Side Development & RCC Culverts at Golbazaar"** Details can be viewed on www.jscljabalpur.org & www.mptenders.gov.in.
Amendment any if will be published only in website only.

Chief Executive Officer Jabalpur Smart City Ltd.Jabalpur

दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण

उत्तर प्रदेश में लखीमपुर जिले के नेपाल सीमा से लगे तिकुनिया गांव में हुई हिंसा और आगजनी में आठ लोगों की मौत होना एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी, जिसमें कुछ किसान, कुछ भाजपा कार्यकर्ता, एक पत्रकार व एक ड्राइवर की मौत हो गई थी। निस्संदेह, इस दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा में किसान आंदोलन से इतर स्थानीय राजनीतिक कारक भी थे, जो हाल ही में गृह राज्यमंत्री बने क्षेत्रीय सांसद अजय मिश्रा के बयानों से उपजे आक्रोश के रूप में सामने आये थे। दरअसल, तीन अक्तूबर को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लखीमपुर खीरी के दौरे पर थे और उन्होंने तय कार्यक्रम के अनुसार वंदन गार्डन में कुछ सरकारी योजनाओं का शिलान्यास करना था। वे पहले हेलीकॉप्टर से आने वाले थे, लेकिन किसानों द्वारा हेलीपेड के घेराव के कार्यक्रम के चलते प्रोटोकॉल बदला गया और वे सड़क मार्ग से लखीमपुर पहुंचे। उस दिन किसानों ने उपमुख्यमंत्री व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के विरोध व काफिले के घेराव की कॉल दी थी। दोपहर में मौर्य शिलान्यास कार्यक्रम खत्म करके अजय मिश्रा के गांव बनवीरपुर के लिये रवाना हुए, जो तिकुनिया से महज चार किलोमीटर दूरी पर है। वे दो अक्तूबर को हुए दंगल विजेताओं के पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि थे। इसी दौरान यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ। किसानों का आरोप था कि केंद्रीय मंत्री के पुत्र का वाहन किसानों पर चढ़ाने से हादसा हुआ, वहीं मंत्री का कहना है कि किसानों के हमले से चालक संतुलन खो बैठे। बहरहाल घटनाक्रम के बाद किसान संगठनों में उबाल और चुनावी मोड में जा रहे राज्य की सियासत में तूफान आ गया। प्रदेश ही नहीं, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व पंजाब आदि राज्यों से विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता प्रदेश की योगी व केंद्र सरकार पर हमलावर हो गये। सारे घटनाक्रम में किसानों का मुद्दा गौण हो गया और राजनीतिक दलों की राजनीति तेज होने लगी। उसी तेजी से योगी सरकार डैमेज कंट्रोल में जुट गई।घटना के बाद उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर की घटनाओं को दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि सरकार घटना के कारणों की तह में जायेगी व दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी। दरअसल, किसानों की क्षति को जिस तेजी से राजनीतिक दलों ने लपका, उसी तेजी से योगी सरकार ने मामले को निपटाने की तैयारी शुरू कर दी। दरअसल, योगी सरकार आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बड़े आंदोलन को न पनपने देने के लिये कमर कस चुकी थी। सोमवार दोपहर होते-होते किसानों की सभी मांगों को मान लिया गया। फिर किसान नेता राकेश टिकैत खुद पुलिस अधिकारियों के साथ मीडिया के सामने आये। एडीजी-लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने टिकैत की उपस्थिति में बताया कि सरकार ने किसानों की सभी मांगें मान ली हैं। लखीमपुर में मारे गये चारों किसानों के परिवारों को 45 लाख रुपये और आश्रित को एक सरकारी नौकरी दी जायेगी। घायलों को दस लाख रुपये दिये जायेंगे। किसानों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की जायेगी।

पिछले एक दशक में सामने आए पैराडाइज पेपर्स व पनामा पेपर्स की कड़ी में पैंडोरा पेपर लीक में जो 1.2 करोड़ दस्तावेज सामने आए हैं, उसने पूरी दुनिया में कई सत्ताधीशों, कारोबारियों व नौकरशाहों की असलियत को उजागर किया है। इसके जरिये उन्नतीस हजार ऑफशोर कंपनियों व ट्रस्टों के स्वामित्व के विवरण उजागर हुए हैं। दरअसल, इंटरनेशनल कंसोर्टियम ऑफ इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट्स यानी आईसीआईजे की बड़ी खोजबीन में 117 देशों के साढ़े छह सौ खोजी पत्रकारों ने भाग लिया था। इसमें उजागर हुए नामों में कुछ पहले ही मनी लॉन्ड्रिंग व टैक्स चोरी के मामलों में दागदार हैं। यह खुलासा बताता है कि कैसे सत्ताधीश व प्रभावशाली लोग कानून के छिद्रों का इस्तेमाल करके काले धन को सफेद बनाने की कुत्सित कोशिश कर रहे हैं।

चौंकाता खुलासा

यह भी कि अमीर व ताकतवर लोग कैसे समानांतर अर्थव्यवस्था चला रहे हैं। जिन सैकड़ों लोगों के नाम सामने आए हैं उनमें प्रभावशाली राजनेताओं, अरबपतियों, मशहूर व्यक्तियों और धार्मिक हस्तियों ने खरबों डॉलर की संपत्ति का कर बचाने के लिये ऑफशोर विदेशी कंपनियों के खातों का उपयोग किया है। जो बड़े आलीशान भवनों, समुद्र तटीय संपत्ति व जमीनों की खरीद के जरिये अपने निवेश को छिपा रहे हैं। धन के गुप्त भंडार के खुलासे में जो प्रमुख नाम हैं, उनमें जॉर्डन के शाह, चेक प्रधानमंत्री, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व पाक प्रधानमंत्री इमरान खान के सहयोगी शामिल हैं। भारत के भी कुछ समृद्ध हस्तियों के नामों का इसमें खुलासा हुआ है। कुल तीन सौ भारतीयों व सात सौ पाकिस्तानियों के नाम इस खुलासे में सामने आये हैं। जाहिर बात है कि बड़े पैमाने पर कर चोरी और काले धन को छिपाया जाना सामाजिक व आर्थिक असमानता का हिस्सा ही है। पैंडोरा पेपर का खुलासा ऐसे वक्त में हुआ है जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी के संकट से जूझ रही है। इस संकट ने न केवल लाखों लोगों का जीवन छीना है बल्कि रोजगार संकट के चलते अमीर-गरीब के बीच की खाई भी चौड़ी हुई है इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि कोरोना संकट के बीच वित्तीय गतिविधियों पर अंकुश के चलते जहां पूरी दुनिया में गरीबी का दायरा बढ़ा है वहीं अमीर और अमीर हुए हैं। ब्रिटेन के चैरिटी समूह ऑक्सफैम इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के एक हजार सबसे अमीर लोगों ने नौ महीनों के भीतर ही कोविड संकट से हुए नुकसान की भरपाई कर ली है। वहीं दुनिया के सबसे गरीब लोगों को आर्थिक नुकसान से उबरने में एक दशक से भी अधिक समय लग सकता है। कोरोना के वायरस ने जीवन की क्षति व आर्थिक संकट बढ़ाकर असमानता को और बढ़ा दिया है। बताते हैं कि देश में लॉकडाउन के दौरान अरबपतियों की संपत्ति में पैंतीस फीसदी की वृद्धि हुई है। सही मायनों में ऑफशोर विदेशी कंपनियों के खातों का उपयोग करके भारत जैसे विकासशील देशों में संपन्न और ताकतवर लोग देश को राजस्व कर से वंचित कर रहे हैं। यह वह धन है, जिसकी देश में बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण व अन्य बड़ी परियोजनाओं को मूर्त रूप देने के लिये जरूरत होती है। सरकारों को खुलासे में उजागर लोगों की वित्तीय गतिविधियों की व्यापक जांच करनी चाहिए। सख्त कार्रवाई ही गलत तरीके से अर्जित बेहिसाब धन के संचय व छुपाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने का काम कर सकती है। यह चिंता की ही बात है कि इस तरह की आर्थिक गतिविधियों के खिलाफ मुहिम चलाने वाले ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और उनकी पत्नी पर लंदन में ऑफिस के लिये खरीदी गई संपत्ति में स्टैंप ड्यूटी न चुकाने के आरोप हैं। ऐसे ही दाग रूसी राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन, चेक प्रधानमंत्री आंद्रे बबीस, अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम एलीयेव पर संपत्ति खरीद के चलते लगे हैं। ऐसे में जब बड़े सत्ताधीश ही ऑफशोर विदेशी कंपनियों के जरिये काले धन छिपाने और टैक्स बचाने के खेल में शामिल होंगे तो अन्य आर्थिक अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई कौन करेगा? जाहिरा तौर पर ये नेता जनता के पैसे का उपयोग अपने परिवार को समृद्ध करने के लिये कर रहे हैं।

फिक्र का केंद्र से जिक्र कर समाधान

लगातार धैर्य खोते और हरियाणा-पंजाब में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रियों-विधायकों के घरों का घेराव कर रहे किसानों को आखिर हरियाणा सरकार ने मना ही लिया। दरअसल, किसान धान की फसल की खरीद की मांग कर रहे थे। वहीं खरीद एजेंसियों का तर्क था कि देर तक चले मानसून की वजह से धान की उपज में नमी अधिक है, इसलिये जब नमी कम हो जायेगी तो खरीद शुरू कर देंगे। दरअसल, केंद्र के कृषि सुधारों के खिलाफ पिछले एक साल से आंदोलनरत किसान आजकल आंदोलन मिजाज में हैं और राज्य सरकारों पर दबाव बनाने का कोई मौका नहीं चूकते। उल्लेखनीय है कि धान खरीद एजेंसियों ने पहले 25 सितंबर, फिर एक अक्तूबर और अंत में ग्यारह अक्तूबर से धान की खरीद करने की घोषणा की थी, जिसके चलते आक्रोशित किसान आंदोलन की मुद्रा में आ गये। किसानों

धान का मान

की दलील थी कि फसलें पहले पक चुकी हैं, ऊपर से बारिश हो रही है, कुछ किसान मंडियों में धान लेकर पहले ही पहुंच चुके हैं। बारिश के कारण धान खेत और मंडियों में खराब हो रहा है। इसलिये तुरंत धान की खरीद शुरू की जाये। इस मुद्दे पर आंदोलन को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने त्वरित सक्रियता दिखाते हुए केंद्र सरकार से संपर्क साधा। खट्टर केंद्रीय खाद्य व उपभोक्ता मामलों के मंत्री अश्वनी कुमार चौबे से दिल्ली जा कर अपने कृषि मंत्री जे.पी. दलाल व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ मिले और उन्हें किसानों की समस्या बतायी। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री के आग्रह के बाद हरियाणा में रविवार से धान की खरीद को हरी झंडी दिखा दी। इसके साथ ही पंजाब में भी तीन अक्तूबर से धान की खरीद का फैसला लिया गया। बताते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पिछले दिनों मिलने गये पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भी धान की खरीद जल्दी शुरू करने की मांग की थी। वहीं पंजाब में भी किसान इस मुद्दे पर आंदोलनरत थे और उपमुख्यमंत्री व कुछ मंत्रियों के घरों का घेराव कर चुके थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री की पहल के बाद धान खरीद की घोषणा होने के बाद संयुक्त किसान मोर्चे ने प्रदर्शन वापस लेने की घोषणा कर दी। दरअसल, भारतीय खाद्य निगम ने इस आधार पर दस दिन धान की खरीद स्थगित करने का फैसला लिया था कि हरियाणा-पंजाब सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में अधिक वर्षा के कारण धान में नमी की मात्रा अधिक होगी। निगम का यह भी तर्क था कि देर तक चली बारिश के कारण धान पकने में देरी हुई है। अतः पहले किसान धान मंडियों में सुखा लें, तब तक खरीद एजेंसियां अपनी मशीनरी तैयार कर लेंगी। वहीं किसान नमी के मानकों में छूट देने की बात भी कर रहे थे। अब तक एफसीआई धान की खरीद में 17 फीसदी तक की नमी स्वीकार करता रहा है। फिलहाल केंद्रीय खाद्य राज्यमंत्री ने धान की खरीद पुराने मानदंड पर सुनिश्चित करने को कहा है। किसान प्रति एकड़ धान की उपज की खरीद बढ़ाने की भी मांग कर रहे हैं।

आप का राशिफल 11 अक्टूबर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। आगे से रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें। शुभांक-3-6-9

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा। शुभांक-3-5-7

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-6-7

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-2-5-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। शुभांक-3-6-7

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो या यी यू): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। शुभांक-3-6-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। शुभांक-3-5-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी। शुभांक-1-4-5

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-2-5-7

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शुभांक-2-4-6

फिल्म वर्ग पहेली - 5557



बायें से दायें:-

१. बॉबी, करिश्मा की 'ओ मेरे ढोलना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कहदूं तुम्हें' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर की हिट फिल्म-३
५. संजय कपूर, तब्बू की 'मैंने जी लिया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
८. ऋषि, माधुरी की 'मेरा पिया घर आया' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'सीता और गीता' में धर्मेन्द्र के किरदार का क्या नाम था?-२
१२. 'पलके हो खुली या बंद' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोनाली की फिल्म-३
१३. संजयदत्त, अनिता राज की 'आते आते तेरी' गीत वाली फिल्म-२,१,२
१४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'ना वादा करते हैं' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'परदे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान की फिल्म-२
१७. राजकुमार, नाना पाटेकर, ममता कुलकर्णी, वर्षा की 'पीले पीले ओ मेरे राजा' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'रूठे रूठे पिया' गीत वाली विजय आनंद, जया की फिल्म-२,३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तनहाइयां' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'शहरों की गलियों में' गीत वाली राजेश, शर्मिला की फिल्म-२,२
२६. गोविंदा, रवीना की 'सासूजी थारो लाड़' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल विच तेरा हो' गीत वाली अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२
२८. मिथुन, अतुल, पूजा की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-३

ऊपर से नीचे:-

१. 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गीत वाली राहुल, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
२. राजकपूर, नूतन की 'रुक जा ओ जानेवाली' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ सनम जिसने तुझे' गीत वाली राजकपूर, सायरा की फिल्म-३
४. ऋषि, नीतूसिंह की 'किसी पे दिल अगर' गीत वाली फिल्म-५
६. सौमदत्त, विनोद खन्ना, लीना चंदावरकर की पहली फिल्म-२,१,२
९. गोविंदा, करिश्मा की 'याद सताए तेरी' गीत वाली फिल्म-२,२
११. फिल्म 'लक्ष्य' के गीत 'मैं ऐसा क्यों हूं' का गायक-२
१३. सलमान, करिश्मा की 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१४. अक्षय, लारा की फिल्म-३
१५. सुनील, आशा पारेख की 'आज नाचूं ऐसे' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'मेरे दिल में आज' गीत वाली राजेश, शर्मिला, राखी की फिल्म-२
१८. कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'दिल चीर के' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'ले के चली मुझे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
२०. जैकी, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'राधा ना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२२. फिल्म 'कोशिश' में नायक कौन है-३
२३. फिल्म 'ज्वैल थीफ' में नायक कौन है-२
२५. टी. वी. धारावाहिक 'सांस' की नायिका कौन थी?-२
२६. दीनो मोरिया, बिपाशा की 'जो भी कसमें' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 5551

Jagrutidaur.com, Bangalore

सेहत

सेहत की जन्मपत्री

देश में डिजिटल हेल्थ मिशन के विस्तार के रूप में प्रत्येक नागरिक को डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करने की महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की गई है जो उपचार के वक्त हर व्यक्ति के रोग व उपचार का विवरण एक क्लिक में सामने ले आएगी। साथ ही देश में कहीं भी और कभी भी किसी डॉक्टर द्वारा उसे देखा जा सकेगा। इसमें सारी जानकारी का डाटा संरक्षित किया जा सकेगा और रोगी की सहमति के बाद उसे देखा जा सकेगा। ज्यादा समय नहीं हुआ जब बीते अप्रैल-मई में कोरोना के कोहराम ने हमारे चिकित्सा तंत्र की लाचारगी को उजागर किया था। रोज लाखों मरीजों के संक्रमित होने के साथ हजारों लोगों के पर्याप्त चिकित्सा अभाव में मरने की खबरें आई थी। हमारे चिकित्सा तंत्र का ढांचा पूरी तरह चरमरा गया था। कोरोना संकट का एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि संचरण की बाधाओं के चलते लॉकडाउन के दौरान टेलीमेडिसन का क्षेत्र उभरा है। डॉक्टर और मरीज के बीच व्यक्तिगत संपर्क न होने के बावजूद उपचार की प्रक्रिया को गति मिली है। लेकिन सरकार के डिजिटल प्रणालियों को विस्तार देने के बावजूद एक हकीकत यह भी है कि महज तकनीक के बल पर ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव नहीं लाये जा सकते। जब तक स्वास्थ्य क्षेत्र में पर्याप्त ढांचागत सुधार नहीं होता और प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध नहीं होते, तकनीक के जरिये चिकित्सा सुविधाएं पर्याप्त रूप में उपलब्ध नहीं करायी जा सकतीं। भारत में जनसंख्या के अनुपात में डॉक्टरों की उपलब्धता बढ़ाए जाने की सख्त जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार जहां एक हजार लोगों पर एक चिकित्सक होना चाहिए, वहां भारत में डेढ़ हजार से अधिक लोगों पर एक चिकित्सक है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार तीन सौ लोगों पर एक नर्स होनी चाहिए, वहीं भारत में यह अनुपात 670 है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो यह कमी और भी ज्यादा है। पहले से ही मरीजों के बोझ से चरमराये शहरी चिकित्सा तंत्र से उपचार की उम्मीद में ग्रामीण मरीज शहरों का रुख करते हैं।दरअसल, वक्त की जरूरत है कि नयी तकनीक के प्रयोग के साथ ही देश के हर जिले में एक मेडिकल कालेज व अस्पताल के लक्ष्य को समय पर हासिल किया जाये। साथ ही शैक्षिक स्तर की कमी को देखते हुए देश में डिजिटल डिवाइड को भी दूर किया जाये ताकि लाखों लोग आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित सार्वजनिक सेवाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य क्षेत्र को नया जीवन देने के लिये नीति-नियंताओं को आगे एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। यह अच्छी बात है कि डिजिटल आईडी के जरिये देश के तमाम अस्पताल आपस में रोगियों से जुड़ी जानकारी हासिल कर सकेंगे। एक आम आदमी मोबाइल ऐप के जरिये अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक सहज ही पहुंच बना सकेगा। साथ ही मरीजों को पुराने पर्चों को संभालने व डॉक्टर के पास ले जाने का भी झंझट नहीं रहेगा। हाल के दिनों में हमने नयी तकनीक के जरिये बिलों के भुगतान व धन हस्तांतरण से दैनिक जीवन में राहत का अनुभव किया है। बहुत संभव है कि सेहत के क्षेत्र में हेल्थ आईडी के जरिये कालांतर बड़ा बदलाव आये। वैसे इसमें व्यक्ति के संवेदनशील स्वास्थ्य डाटा को सुरक्षित बनाने की सख्त जरूरत है। इसके दुरुपयोग की आशंका हमेशा बनी रहेगी।

सूडोकू नवताल- 6121

मध्यम

	9				4			
8	4			6		9		5
5		6	8	2		3		
	1	5	6	3			9	7
3	6			9	7	1	4	
		1		4	8	7		6
9		4		7			2	1
			2				8	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -6120 का हल

8	5	4	7	3	2	6	1	9
6	7	1	9	5	4	3	2	8
2	9	3	8	6	1	7	5	4
4	3	9	2	1	7	8	6	5
5	6	2	3	8	9	4	7	1
7	1	8	6	4	5	9	3	2
3	2	6	5	9	8	1	4	7
9	4	7	1	2	6	5	8	3
1	8	5	4	7	3	2	9	6



विचार प्रवाह

दुनिया में कई तरह के बंधन हैं। जैसे जंजीर का, रस्सी का, मोह का, विवाह का और कर्म का। सब बंधनों में कर्म का बंधन सबसे जटिल है। दुनिया का प्रत्येक प्राणी कर्मों के कारागृह में बंदी है। हम प्रभु का वंदन करेंगे तो कर्मों का बंधन कटेगा। वंदन एक आध्यात्मिक प्रवृत्ति है। वंदन करने से सौभाग्य प्रकट होता है। भारतीय संस्कृति चरण स्पर्श की संस्कृति है। चरण स्पर्श में भी अंगुष्ट की। अंगुष्ट को अमृत निर्झर केन्द्र माना गया है। अंगुष्ट मं संग्रहित ऊर्जा नमनकर्ता में प्रवाहित होती है।

■ मुनिश्री तरुणसागर

शब्द पहेली - 7149

बाएँ से दाएँ

1. आस्तिक, अनुगामी, पूजक-2
2. रख-रखाव-2,3
6. देह, बदन-2
7. कारण-3
8. तपस्या-2
9. बंदूकधारी (अंग्रेजी-3)
11. पति की बहन-3
12. प्रतिज्ञा, वचन-3
14. पिता, डैडी-2
16. मन मोहने वाला-5
18. आनंदित-2
19. लवण, खार-3
21. बख्तरबंद, आवरण-3
23. पासों से भविष्य जानना-3
25. आमिर व काजोल की फिल्म-2
27. मुलायम, कोमल-3
28. उस समय-2
29. प्रमाण, घूमना-3,
30. कोलाहल-2

ऊपर से नीचे

1. खतरनाक-4
2. सनम, बालम-3
3. रहने का तरीका-3,3
4. चावल-2
5. बिजली का कौंधना-5
6. कौवा, काग-2
10. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
13. मन को भाने वाला-5
15. सहयात्री-5
17. कटि-3
20. निम्न, न्यूनतम-4
22. उत्कर्ष-3
24. अधर, होंठ-2
26. संबोधन-2

शब्द पहेली - 7065 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

मंत्री भूपेंद्र सिंह का ट्विटर एकाउंट हैक

भोपाल के क्राइम ब्रांच थाने में शिकायत दर्ज

भोपाल। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह के ट्विटर अकाउंट से छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में क्राइम ब्रांच थाने में शिकायत की गई है।

मंत्री भूपेंद्र सिंह की ओर उनके मीडिया समन्वयक आशीष मंगल सोनी ने क्राइम ब्रांच थाने में आवेदन दिया। उसमें उन्होंने बताया कि मंत्री भूपेंद्र सिंह के ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट को नौ अक्टूबर को सुबह के समय हैक किया गया। जिसके बाद हैकरों द्वारा मंत्री के ट्विटर अकाउंट से मप्र कांग्रेस के द्वारा शेयर की गई एक पोस्ट को लाइक किया गया। इससे मंत्री की छवि धूमिल हुई है। इस संबंध में जानकारी मिलने पर विशेषज्ञों की मदद लेते हुए कुछ ही देर में मंत्री के ट्विटर अकाउंट को रिकवर कराया गया। शिकायत में इस पूरे मामले की जांच कर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस इस मामले की जांच करते हुए हैकर का पता लगाने की कोशिश में जुटी है।

रिटायर्ड जज एवं उनकी बेटी से एम्स में बदसलूकी

उधर, राजधानी में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एक रिटायर्ड जज और उनकी बेटी से टेक्नीशियन द्वारा बदसलूकी करने का मामला सामने आया है। वहीं इस मामले में टेक्नीशियन ने भी महिला पर तमाचा मारने का आरोप लगाया है। पांच अक्टूबर को हुई इस घटना की शिकायत दोनों पक्षों ने बागसेवनिया थाने में की है। बागसेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक रिटायर्ड जज की तरफ से मिली शिकायत में बताया गया है कि वह अपनी बेटी के साथ पांच अक्टूबर को आंख का ऑपरेशन कराने के लिए एम्स पहुंचे थे। वहां जांच करने के बाद आठ अक्टूबर को आपरेशन होने की जानकारी दी गई। साथ ही कोविड का टेस्ट कराने को बोला गया। वे लोग कोविड टेस्ट कराने पहुंचे तो वहां लेरिस नाम के टेक्नीशियन ने पिता-पुत्री के साथ बदसलूकी की। गाली-गलौज भी की गई। उधर तकनीशियन ने रिटायर्ड जज की बेटी द्वारा उसे तमाचा मारने की शिकायत की पुलिस दोनों शिकायतों की जांच कर रही है।

विशेष कार्यशाला में सीखे वेब डिजाइनिंग के गुर

कंप्यूटर, लैपटॉप संबंधी सॉफ्टवेयर की बारीकियां और वेब डिजाइनिंग सीखना अब हर किसी लिए जरूरी होता जा रहा है। छात्राओं को इस क्षेत्र में जागरूक करने के उद्देश्य से संत हिरदाराम गर्?स कालेज में कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यशाला में प्राप्?त प्रशिक्षण से छात्राएं बेहद खुश नजर आईं। उत्साहित छात्राओं ने

स्कूल शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति पर वर्षों से जमे हैं कई अधिकारी

भोपाल। स्कूल शिक्षा विभाग के कई कार्यालयों में कई साल से अधिकारी और कर्मचारी जमे हुए हैं। उनका स्थानांतरण होने के बाद भी वहां से जा नहीं पाते हैं। इस कारण हर विभाग का कार्य प्रभावित हो रहा है। हालांकि सालों से जमे कुछ अधिकारियों का अभी हाल में स्थानांतरण किया गया, लेकिन इसके बाद भी रिलीव नहीं किया जा रहा है। इन अधिकारियों का स्थानांतरण हुए दो माह से ज्यादा समय बीत चुका है। इनमें से कई अधिकारी स्थानांतरण निरस्त कराने की जुगाड़ में स्कूल शिक्षा मंत्री के बंगले का चक्कर लगा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग में अगस्त तक करीब तीन हजार शिक्षकों के स्थानांतरण किए गए थे। इसमें से लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ), राज्य शिक्षा केंद्र, माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) सहित कुछ अन्य जगहों पर सालों से पदस्थ अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिए गए थे। कुछ अधिकारी स्थानांतरण होने के बाद रिलीव हो चुके है। लेकिन सालों से पदस्थ अधिकारियों की इस सूची में लोक शिक्षण व राज्य शिक्षा केंद्र जेडी एचएस रिजवी, डीबी प्रसाद, मुकेश शर्मा, सच्चिदानंद प्रसाद, उस्मान खान समेत कई अधिकारियों के भी स्थानांतरण हुए। दो माह से ज्यादा समय बीतने के बाद भी इन्हें रिलीव नहीं किया गया है। बताया जाता है कि इनमें से कुछ अधिकारी मंत्री के बंगले पर सिर्फ स्थानांतरण निरस्त करवाने की जुगाड़ में घूम रहे है। इस मामले में स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि जिन अधिकारियों के स्थानांतरण हुए है, उसमें कुछ ने निरस्त कराने या संशोधन के लिए आवेदन आए हैं। हालांकि सालों से एक ही जगह पर जमे अधिकारियों का स्थानांतरण निरस्त नहीं किया जाएगा, इसमें संशोधन जरूर हो सकता है। जल्द ही मामले में कार्रवाई होगी।

विभागों में प्रतिनियुक्ति पर शिक्षक भी जमे है

स्कूल शिक्षा विभाग के कई विभागों में प्रदेश के करीब छह हजार शिक्षक प्रतिनियुक्ति पर जमे हैं। इसमें से कई शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति से हटाने के लिए आदेश जारी होते हैं, लेकिन फिर भी वे विभाग के कार्यालयों में बाबूगीरी कर रहे हैं। इससे स्कूलों में शिक्षण कार्य प्रभावित होता है।

छात्र ने लगाई फांसी, सुसाइड नोट में लिखा- जिंदगी चींटी की तरह हो गई

भोपाल। चींटी के मरने से किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरी जिंदगी भी चीटी की तरह हो गई है। मैने जिसे चाहा वो मुझे नहीं मिला। पहले भी खुद्कुशी करने की कोशिश कर चुका हूं। मैं जीना नहीं चाहता।। इसका जिम्मेदार भी मैं खुद हूं। यह मजमून उस पत्र का है, जिसे इंजीनियरिंग के छात्र ने फांसी लगाने से पहले लिखा था। घटना पिपलानी थाना इलाके में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की। पिपलानी थाना प्रभारी अजय नायर ने बताया कि दुष्यंत पुत्र राधाकृष्ण तिवारी (18), आनंद नगर स्थित टीआइटी कॉलेज परिसर में परिवार के साथ रहता था। वह विदिशा स्थित सम्राट अशोक प्रौद्योगिकी संस्थान (एसएटीआइ) से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। दुष्यंत के पिता टीआइटी कॉलेज की निर्माण कंपनी में सुपरवाइजर हैं। कंपनी का काम वर्तमान में पन्ना जिले में चल रहा है। इस वजह से राधाकृष्ण और उनकी पत्नी एक सप्ताह से पन्ना में थे। दुष्?यंत यहां घर में अकेला था। रोजाना की तरह उन्होंने शुक्रवार सुबह बेटे से बात करने के लिए फोन लगाया। जब काफी देर तक दुष्यंत ने फोन रिसीव नहीं किया, तो राधाकृष्ण को शंका हुई। उन्होंने अपने एक परिचित को फोन कर दुष्यंत को देखने कमरे पर जाने को बोला। उसने घर जाकर देखा तो गेट अंदर से बंद था। काफी देर खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। उसने खिड़की से झांककर देखा तो दुष्यंत फांसी पर लटका था। पुलिस ने जांच के लिए दुष्यंत का फोन और मौके से मिला सुसाइड नोट जब्त किया है। इस मामले में प्रेम प्रसंग में असफल होने की भी आशंका जताई जा रही है।

रेल से रेत के परिवहन को मंजूरी, देश में कहीं भी भेजी जा सकेगी नर्मदा की रेत

नई व्यवस्था में ठेकेदार को खनिज विभाग और रेलवे से परिवहन की अनुमति लेनी होगी

भोपाल। मध्य प्रदेश में अब रेत का परिवहन रेल (ट्रेन) से भी किया जा सकेगा। ठेकेदारों की मांग पर सरकार ने रेल से रेत के परिवहन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव खनिज साधन विभाग ने सरकार को भेजा था। नई व्यवस्था में ठेकेदार को खनिज विभाग और रेलवे से परिवहन की अनुमति लेनी होगी और इसके लिए उसे रेलवे को शुल्क भी चुकाना होगा। बुंदेलखंड, बघेलखंड, मालवा के कुछ हिस्सों और समीपी राज्यों में नर्मदा नदी की रेत की मांग को देखते हुए ठेकेदारों ने विभाग से यह मांग की थी। विभाग जल्द ही इस संबंध में निर्देश जारी करने जा रहा है। प्रदेश में नर्मदा व चंबल नदी की रेत को सबसे बेहतर माना जाता है।

यही कारण है कि बुंदेलखंड-बघेलखंड और मालवा के कुछ इलाकों और प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में नर्मदा की रेत की मांग है। लोग खासकर होशंगाबाद(नर्मदापुरम) की रेत मांगते हैं। उसका भी कारण है। दरअसल, होशंगाबाद(नर्मदापुरम) शहर के नजदीक नर्मदा व तवा नदी का संगम है। इसके आसपास की खदानों से निकलने वाली रेत में चमक होती है और मिट्टी नहीं होती। इसलिए सीमेंट के साथ मिलकर वह पकड़ को मजबूत करती है।

इसी कारण प्रदेश की दूसरी रेत खदानों की तुलना में होशंगाबाद(नर्मदापुरम) की रेत खदानें हमेशा लीज पर महंगी जाती हैं। वर्ष 2019 में जिले की 118 खदानें 217 करोड़ रुपये में लीज पर गई थीं। जब ठेकेदार ने ठेका छोड़ा तो वर्ष 2020 में दूसरी बार तीन साल के लिए नीलामी हुई। जिसमें खदानों की बोली 262 करोड़ रुपये लगी।

प्रदेश में 16 जिलों से गुजरती है नर्मदा

अनूपपुर के अमरकंटक से प्रकट होने वाली नर्मदा मध्य प्रदेश में 16 जिलों (अनूपपुर, डिंडोरी, मंडला, सिवनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, हरदा, होशंगाबाद (नर्मदापुरम), खंडवा, खरगोन, बड़वानी, धार, देवास, सीहोर, रायसेन और आलीराजपुर) से गुजरते हुए गुजरात में प्रवेश करती है। प्रस्ताव से रेलवे भी सहमत खनिज अधिकारियों के मुताबिक रैक (बोगी) से रेत की ढुलाई के लिए रेलवे भी सहमत है। इसके लिए रेलवे से ई-टीपी (आनलाइन ट्रांजिट परमिट) लेना होगी। वहीं खनिज विभाग अपनी टीपी जारी करेगा, जो खदान से नजदीकी रेलवे स्टेशन (जहां से रैक बुक हो) के लिए होगी। दो स्तर पर होगी जांच खदान से डंफर में कितनी रेत भरी जा रही है और रैक में कितनी रेत लोड हो रही है। इसकी निगरानी स्थानीय खनिज अमला करेगा। अमला रैक में रेत लोड करते समय उपस्थित रहेगा। ग्राहक को महंगी पड़ेगी रेत माना जा रहा है कि खदान से डंफर एवं डंफर से रैक में लोड करने और यही प्रक्रिया उतारते समय अपनाने से ग्राहक को रेत महंगी पड़ेगी। हालांकि अभी ठेकेदारों ने दाम तय नहीं किए हैं। पहले वे पूरी प्रक्रिया समझेंगे और फिर खदान से रेत पहुंचाने वाले स्थान के दूरी के हिसाब से निर्णय लेंगे।

खंडवा लोकसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के नामांकन पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने शनिवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी शिकायत में खंडवा लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी के नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल ने जो नामांकन फार्म प्रस्तुत किया है, उसमें उन्होंने अपना नाम-पता लिखने के अलावा कुछ नहीं लिखा है। धनोपिया ने कहा कि हालांकि जानकारी अनुसार उन्होंने शायद बाद में दूसरा नामांकन फार्म भी जमा करा दिया है, लेकिन प्रश्न यह उठता है कि उन्होंने चुनाव प्रक्रिया का मजाक क्यों उड़ाया। पाटिल ने नामांकन फार्म के साथ दिए शपथ पत्र में गलत जानकारियां दी हैं और महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया है। धनोपिया ने निर्वाचन आयोग से मांग की है कि भाजपा प्रत्याशी का नामांकन फार्म निरस्त किया जाए।

स्थानांतरण पर आपत्ति

धनोपिया ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजी एक अन्य शिकायत में कहा है कि आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद भी अधिकारियों के थोकबंद तबादले किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार उप चुनाव वाले क्षेत्रों में भाजपा के हित में काम करने वालों को भेजा जा रहा है एवं भाजपा के विरुद्ध काम करने वाले अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा रहा है।

मानसून के विदा होते ही लुढ़कने लगा रात का पारा

भोपाल। जबलपुर, इंदौर और होशंगाबाद संभागों के कुछ जिलों को छोड़कर प्रदेश के बाकी हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून विदा हो गया है। वातावरण में नमी कम होने लगी है। आसमान साफ होने से अब रात के तापमान में भी गिरावट होने लगी है। इस वजह से राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में रात के समय गुलाबी ठंड का अहसास भी होने लगा है। रविवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सिय दर्ज किया गया, जो शनिवार के न्यूनतम तापमान (21.6 डिग्री) की तुलना में 1.6 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

विक्रम का साहस, दोनों हाथों से तेंदुए के मुंह को जकड़ा

पीपरी, देवास। जंगल में मवेशी चराने गए एक व्यक्ति पर तेंदुए ने हमला कर दिया। व्यक्ति ने उसका साहस के साथ मुकाबला किया। इसमें उसकी दोनों हाथों की उंगलियां जख्मी हो गईं। शोर मचाने पर तेंदुआ उसे छोड़कर जंगल की तरफ भाग गया। घायल का शासकीय अस्पताल में इलाज करवाया गया है। इससे पहले भी इसी इलाके में तेंदुए ने एक युवती पर हमला कर घायल कर दिया था।

जानकारी के अनुसार करीब 45 वर्षीय विक्रम सिंह पुत्र रूपसिंह सोलंकी निवासी ग्राम बावड़ीखेड़ा शुक्रवार सुबह अपने पड़ोसी आशाराम के साथ मवेशी चराने ढालामऊ के जंगल में गया था। इस दौरान विक्रम पर तेंदुए ने हमला बोल दिया। विक्रम ने दोनों हाथों से तेंदुए के मुंह को जकड़ लिया। शोर मचाने पर तेंदुए जंगल की तरफ भाग गया। घुटनों में विक्रम की दोनों हाथों की उंगलियां जख्मी हो गईं। घायल विक्रम को साथी आशाराम ने कपड़े की पट्टी बाधकर रतनपुर लेकर गया। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी हरिश परमार व अन्य लोग विक्रम को शासकीय अस्पताल बागली लेकर गए और इलाज करवाया। पूर्व सरपंच विराम सिंह देवड़ा,अनोखीलाल बछानिया,हरिसिंह कर्मा ने घायल को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

तीन पहले भी तेंदुए ने किया था हमला

तीन दिन पूर्व भी रतनपुर में राकेश ठाकुर के खेत पर मक्का तुड़ाई के समय सलोनी ठाकुर नामक युवती पर भी तेंदुए ने पीछे से हमला किया था। घटना के बाद युवती बेहोश हो गई थी। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि प्रेमगढ़ में भी तेंदुए ने बकरी का विगत दिनों शिकार किया था। वन अमले ने जयंती माता मंदिर वन मार्ग पर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा रखा है। इससे पहले निमनपुर ग्राम के समीप ही जंगल में पिंजरा रखा था, लेकिन तेंदुए कैद नहीं हुआ था।

ग्रामीणों में भय

सीतावन क्षेत्र के अधिकतर किसानों ने तेंदुए की दहशत के कारण रात के समय खेतों में रखवाली करना बंद कर दिया है। किसान हरिसिंह कर्मा ने बताया कि जब से तेंदुए की आमद हुई है, खेत में सोना बंद किया है। इस कारण जंगली जानवर फसल को बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वन अमला लोगों को जागरूक कर रहा है और जंगल में नहीं जाने की बात कह रहा है।

भोपाल में 57 केंद्रों पर यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में 20 हजार 765 अभ्यर्थी शामिल

भोपाल। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज देश के चुनिंदा शहरों में आयोजित की जा रही है। इसके लिए भोपाल में भी 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार 10 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए शहर में 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। दो पालियों में हो रही इस परीक्षा में राजधानी के 20 हजार 765 अभ्यर्थी शामिल होंगे। पहली पाली में सुबह 9.30 से परीक्षा शुरू हो गई है जो 11.30 तक चलेगी। दूसरी पाली दोपहर 2.30 से शाम 4.30 बजे तक होगी। इस परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर कोविड गाइडलाइन के मुताबिक खास इंतजाम किए गए हैं। अभ्यर्थी सुबह से ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। परीक्षा शुरू होने से दस मिनट पूर्व अभ्?यर्थियों को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया। सभी केन्द्रों पर बैठक व्यवस्था कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए की गई है। वहीं हर केन्द्र पर 2-2 महिला व पुरुष कांस्टेबल की तैनाती की गई है।

150 किमी पैदल चलकर दर्शन करने पहुंचे मां के

देवास। कंधे पर बैग टंगा है...जिस पर देवी मां की तस्वीर टंगी है। पैरों में कपड़े के सफेद जूते हैं...ये हैं 49 साल के मां के भक्त पंडित कमल शर्मा। वे 150 किमी से ज्यादा का सफर पैदल तय देवास में मां चामुंडा के दरबार में पहुंचे हैं। पैरों में छाले हो गए हैं, लेकिन मां के दर्शन के लिए कहीं दर्द से कदम नहीं रुके हैं। दो दिन पहले उज्जैन स्थित कनकेश्वरी माता के दर्शन कर मां चामुंडा के दर्शन की आस्था के साथ वे निकले थे। इस बीच उन्होंने उज्जैन में मां गढ़कालिका के साथ अन्य मंदिरों में पैदल घूमकर ही दर्शन किए। शनिवार दोपहर को भक्त शर्मा देवास मां चामुंडा के दर्शन के लिए पहुंच गए। वे वापस पैदल ही अपने गांव करेड़ी जाएंगे। पंडित शर्मा ने बताया कि वे मां के भक्त हैं। बस मां की कृपा हुई तो त्रिवेणी यात्रा का निर्णय लिया। 7 अक्टूबर को कनकेश्वरी करेड़ी माता के दर्शन कर रात डेढ़ बजे मां चामुंडा के दरबार के लिए निकला था। 8 अक्टूबर को उज्जैन में मां गढ़कालिका के दर्शन के साथ ही महाकाल के दर्शन और अन्य मदिरों के पैदल ही दर्शन किए। शनिवार दोपहर में मां चामुंडा के दर्शन करने पहुंचा हूं। यात्रा को लेकर कोई मनोकामना नहीं है। बस सब कुछ मां ने दिया है और मां की कृपा हुई तो यात्रा पर निकल पड़ा। देवास में माता के दर्शन के बाद वापस पैदल ही घर जाऊंगा। शर्मा ने बताया कि दिन में यात्रा के दौरान वे दो से तीन घंटे ही आराम करते हैं। शर्मा साइकिल से वैष्णोदेवी की यात्रा भी कर चुके हैं।

पांच साल से भोजन नहीं, सिर्फ फलाहार करते हैं पंडित शर्मा

पंडित शर्मा ने बताया कि पांच साल से उन्होंने भोजन नहीं किया है वे सिर्फ फलाहार करते हैं। ये भी मां के आशीर्वाद से होता है। 49 साल के शर्मा के पास 12 बीघा जमीन है। जिसमें वे खेती का कार्य भी करते हैं, छह बेटियां हैं। जिसमें तीन बेटियों का विवाह कर चुके हैं। यात्रा के दौरान बेटियां और पत्नी चिंता करते हुए फोन लगाते हैं।

मां की आस्था के आगे हमारी नहीं चलती

भक्त पंडित शर्मा की पत्नी ममता शर्मा ने बताया कि पति दो साल से यात्रा कर रहे हैं। पिछले साल के तो नंगे पैर ही यात्रा की थी। पैरों में छाले हो गए थे। हम रोकते हैं भी , लेकिन उनकी मां पर अनन्य आस्था है। जिसके आगे हम कुछ नहीं हैं। वे पांच साल फलाहार करते आ रहे हैं। कभी एक समय तो कभी दोनों समय फलाहार करते हैं।

कोयला की जरूरत, सीएम से मांगे 850 करोड़

जबलपुर। मप्र में दशहरा से बिजली कटौती जैसे हालात न बने इसकी चिंता शुरू हो गई है। कोयले की सप्लाई अटकने की वजह बिजली इकाईयों में उत्पादन कम हो गया है। कोल कंपनियां पिछला बकाया वसूलने पर जोर दे रही है। ऐसे में प्लांट में कोयले की सप्लाई घटा दी गई है। इधर बिजली कंपनी का दावा है कि पूरे देश में कोयले का संकट है। इसके बावजूद मप्र में कोयला दूसरें प्रदेशों में तुलना में ज्यादा मिल रहा है। शनिवार को मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। उन्होंने कोयले के लिए तत्काल 850 करोड़ रुपये की मांग की। कंपनी प्रबंधन के अनुसार

15 हजार रुपये दो और अपनी पुरानी गाड़ी का नंबर नई में लगाओ

भोपाल। आप अपनी पुरानी (कंडम) गाड़ी का नंबर (वाहन क्रमांक) नई गाड़ी में चाहते हैं, तो 15 हजार रुपये खर्च करना होंगे। आपको वही नंबर मिल जाएगा। परिवहन विभाग ने यह व्यवस्था लागू कर दी है। अब कोई भी चार पहिया वाहन मालिक पुराने वाहन का नंबर नए वाहन में लगा सकता है। पुराने नंबर की चाहत रखने वालों को पहले वीआइपी नंबर की नीलामी में शामिल होकर ऊंची बोली लगाना पड़ती थी। मध्य प्रदेश की परिवहन नीति के तहत अभी तक कंडम या अनुपयोगी वाहन के स्क्रेप के साथ ही उसका नंबर भी ब्लाक कर दिया जाता था। इस व्यवस्था में वीआइपी नंबर की चाहत रखने वाले वाहन मालिक को नया नंबर लेना पड़ता था। ऐसे लोगों को नई व्यवस्था का लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मई 2014 के बाद वीआइपी नंबर के लिए आनलाइन नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई। इसमें मूल वाहन मालिक को विशिष्ट नंबरों के लिए ऊंची बोली लगाना पड़ती थी। नई व्यवस्था में वे खुद ही नहीं, उनके परिजन भी उसी श्रेणी का वाहन खरीदने पर पुराने वाहन के नंबर का उपयोग कर सकेंगे। अब लर्निंग लाइसेंस, नए ड्राइविंग लाइसेंस, नवीनीकरण और ड्राइविंग लाइसेंस की अन्य श्रेणियों में चिकित्सा प्रमाण पत्र आनलाइन लिए जाएंगे। पंजीकृत डाक्टर पोर्टल पर तय फार्म में चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी कर सकेंगे, जो मान्य होगा। एक अप्रैल 2021 के पहले चिकित्सा प्रमाण पत्र मैनुअल लेने का प्रविधान था। हालांकि इसके लिए डाक्टरों को एनआइसी के सारथी पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। ***आमजन को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं देने के उद्देश्य से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को सरल किया गया है। वहीं तय शुल्क देकर कोई भी अपने पुराने वाहन का नंबर नए वाहन में उपयोग कर सकेगा। - गोविंद सिंह राजपूत, मंत्री, परिवहन***

कश्मीर में हिंदुओं की नृशंस हत्या किये जाने का अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने किया विरोध

नरसिंहपुर यभाप्र। कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले में जेहादी आतंकवादियों द्वारा स्कूल में घुसकर एवं आईडी कार्ड देखकर चुनकर हिंदुओं की हत्या की गई है, आतंकवादी हमले में राकेश पंडिता, माखनलाल विंदुरु, वीरेंद्र पासवान, सुपीन्द्र कौर एवं दीपक चाँन्द की वीभत्स हत्या कर दी गई, जिसके बाद हिन्दू संगठनों में आक्रोश व्याप्त है, साथ ही केंद्र सरकार पर भी यह सवाल उठने लगे हैं कि कश्मीर से धारा 370 तो खत्म हो गई किंतु घाटी से इस्लामिक जेहाद एवं कट्टरपंथी विचारधारा का समापन कब होगा, अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा नरसिंहपुर एसडीएम द्वारा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कश्मीर में आतंकवाद का प्रवाह कर रहे मदरसों एवं देश में पनप रहे तब्लीकि जमात पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है, साथ ही कश्मीर में सेना एवं पुलिस को फ्री हैंड देने की मांग की गई है, संगठन ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए इस्लामिक आतंकवाद एवं कट्टरवाद के विरुद्ध सख्त कानून बनाये जाने की मांग की है, ज्ञापन देने वालों में दीपेंद्र तिवारी, श्रीकांत मिश्रा, चंदू पटैल, प्रकाश मुद्गल, राहुल अवस्थी, बल्ला, बद्दू सेन्ग्र नयन, राहुल, अभिषेक, प्रफुलय इत्यादि उपस्थित रहे।

हमले के विरोध में बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

जम्मू कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकी हमलों में हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं। विगत दिवस श्रीनगर के ईदगाह इलाके में भी एक स्कूल के अंदर घुसकर आतंकियों ने दो शिक्षकों की हत्या कर दी, जिसके चलते हिन्दू संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। शनिवार को बजरंग दल द्वारा घटना के विरोध में नरसिंहपुर गांधी चौराहे पर एकत्रित होकर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया एवं आतंकी हमलों के विरुद्ध एकजुटता के साथ हिंदू समाज के साथ खड़े रहने की बात कही गई। प्रदर्शन में रमाकांत खत्री, मनीष गौर, कमल पटेल, महेंद्र सराठे, बच्चन कश्यप, विशाल चौहान, यश यादव, अजीत, मनीष कोष्टी, सुरेश पटेल, सूरज पटेल, अमन साहू, अभय सराठे, सौरभ साहू, आदित्य, मनोज बमलेने, भरत सिंह चौधरी, साहिल वंशकार, विनय साहू, विनोद कोष्टी, दीपक यादव, आशीष जाटव, रोहित वंशकार एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ओवरलोड रेत से भरा एक हाइवा जप्त

नरसिंहपुर यभाप्र। कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देश पर जिले में ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध मुहिम चलाई जा रही है।

इस मुहिम के तहत जिला परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा की टीम द्वारा रेत से भरा एक ओवरलोड हाइवा शनिवार को जप्त किया गया। रॉयल्टी के अनुसार यह वाहन ओवरलोड था। इस वाहन के विरूद्ध प्रकरण बनाकर उसे आरटीओ परिसर नरसिंहपुर में खड़ा किया गया है। साथ ही रेत से भरे दो ट्रैक्टर भी जप्त कर प्रकरण बनाये गये हैं। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण ये ट्रेक्टर जप्त किये गये हैं।

सजीव लग रही बरहटा में स्थापित माँ जगतजननी की प्रतिमा

नरसिंहपुर यभाप्र। नवरात्रि पर्व पर जिले भर में माता दुर्गा की मनमोहक प्रतिमायें स्थापित की गई है। ऐसी ही एक प्रतिमा की सोशल मीडिया पर जमकर फोटो वायरल हो रही है। मुस्कुराते चेहरे के साथ सजीव लग रही दुर्गा प्रतिमा को देखकर ऐसा लगा है मानो बस अब माताराणी बोलने ही वाली है। जानकारी के मुताबिक यह प्रतिमा जिले ग्राम बरहटा के सुपरमार्केट पतिराम चौक में आदर्श दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित की गई है जिसे छिंदवाड़ा जिले के ग्राम सिंगौड़ी के कलाकार पवन प्रजापति ने बनाया है। प्रतिमा और फोटो देखने वाले उसका निर्माण करने वाले कलाकार की भरपूर सराहना कर रहे है। मंडल के अध्यक्ष स्वयं माता जगदंबा के आशीर्वाद से सभी सदस्य भूपेंद्र गिरी गोस्वामी, राजेंद्र गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, रवि गुप्ता धर्मेंद्र गुप्ता, मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता राम कुमार गुप्ता, रिंकू गुप्ता, आलोक गुप्ता, मोनू गुप्ता आदि मंडल के सभी सदस्यों के सहयोग से माता रानी की भव्य प्रसन्न मुद्रा में माता रानी की स्थापना की गई है ।

धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को तीन वर्ष का सश्रम कारावास

नरसिंहपुर यभाप्र। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय द्वारा धोखाधड़ी करने के प्रकरण में आरोपी देवी सिंह लोधी पिता सरदार सिंह लोधी निवासी रहली को भादवि की धारा 420/34 के अंतर्गत दोषसिद्ध पाये जाने पर 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि दिनांक 12.7.2011 को दिन के करीब 12 बजे राजमार्ग ओवर ब्रिज के नीचे आरोपी देवी सिंह ने फरियादी द्वारका प्रसाद सोनी को छल से सोना बता कर सोने के स्थान पर पीतल दे दिया और फरियादी से लगभग 10,00000 रूपये लेकर छल किया। फरियादी के द्वारा थाना सुआतला जाकर घटना की रिपोर्ट की गई। जिस के आधार पर थाना सुआतला में अपराध क्रमांक 241/2012 भादवि की धारा 420/34 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया। अन्वेषण उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण उपरांत न्यायालय द्वारा उक्त सजा से आरोपीगण को दण्डित किया गया। प्रकरण में पैरवी श्रीमती निशा मिश्रा सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई।

मॉ दुर्गा की उपासना एवं भक्ति से जीवन में आते है अनेको बदलाव

नरसिंहपुर यभाप्र। हमारे धार्मिक वेद पुराणो में वर्णित कथाओ के अनुसार सृष्टि की रक्षा में आदिषक्ति मॉ दुर्गा का बड़ा महत्व बतलाया गया है, जिनकी उपासना से हमारे लिए विशेष ऊर्जा प्राप्ती के साथ हमे सद्मार्ग चलने का रास्ता मिलता है भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा ने समस्त जिले वासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि वैसे तो हमारा भारत देश धर्म संस्कृति के नाम से पूरे विश्व में अलग पहचान रखता है हम सभी त्यौहार आपसी भाईचारे श्रद्धाभाव से मनाते है विभिन्न धर्म संस्कृतियों को लेकर चलते हुये आज हम सम्पूर्ण विश्व में अपनी संस्कृति की पहचान बना चुके है। धर्म ग्रंथों में रचित कथाओ में मॉ दुर्गा की उपासना के विशेष फल हमारे दैनिक जीवन में बतलाए गये है। उपासना नौ देवी की की जाती है जिसमें हजारो देवीयों का आव्हान अनुष्ठान में किया जाता है। पवित्र भाव से उपासना करने से हमारे तन, मन और धन की शुद्धि होने के साथ हमारे जीवन में आने वाली बाधाओ का भी नाश होता है पुराणो के अनुसार कण कण में व्याप्त दैविक रूपो की पहचान हमें उपासना से होती है वैसे तो नवरात्रि वर्ष में 4 बार आती है लेकिन प्रमुख रूप से अश्विन एवं चैत्र मास में अनुष्ठान कर हमारे द्वारा उपासना की जाती है जिले में मॉ भगवती की स्थापना कर रहे सभी दुर्गा मंडलों के सदस्यों का हम हृदय से आभार व्यक्त करते है की जो परिपार्टी हमें पूर्वजो से मिली आज बदले समय में उन प्रथाओं एवं भक्ति भाव का जो अनूठा प्रदर्शन अनेको दिन की मेहनत तथा भक्ति देखने मिलती है इससे हम आने वाली पीड़ी को हमारी संस्कृति देने का कार्य कर रहे है सभी भक्तो माता के उपासको एवं मंडलों के सदस्यों का हम हृदय से आभार व्यक्त करते है एवं माताराणी से कामना करते है कि उनकी कृपा निरंतर हम सभी जिले वासियों, प्रदेश एवं देशवासियों पर बनी रहे विगत वर्ष से कोरोना के चलते रहने के बावजूद सावधानी पूर्वक शासन के निर्दशों का पालन करते हुये शांति पूर्वक तरीके से अपनी परम्पराओं का निर्वाहन करते हुये कोरोना काल में जो आर्थिक मानसिक एवं हमारे करीबी परिवार के सदस्यो को इस महामारी के दौरान हमने खोया है जिस प्रकार संघर्ष पूर्वक सदियो में आने वाली महामारी का सामना हम सभी ने किया है ये सब हमें अपने धर्म पर चलने के कारण यह शक्ति प्राप्त हुई, जिससे हम सभी ने मिलकर विगत दो वर्षो से महामारी का सामना किया और आज हम उसपर विजय प्राप्ति की और चल रहे है। पुन: समस्त जिलेवासियो को दुर्गोत्सव एवं दशहरा पर्व की समस्त जिला भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ की और से हार्दिक षुभकामनाएं प्रेषित की जाती है।

डूबने से मृत्यु पर 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

नरसिंहपुर यभाप्र। नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत पानी में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में मृतक के निकटतम वारिस को राहत प्रदान करने के लिए 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि अनुविभागीय राजस्व अधिकारी राधेश्याम बघेल ने स्वीकृत की है। सहायता राशि मप्र राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के नवीन प्रावधानों के तहत स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि जगदीश वार्ड गाडरवारा के भैयाराम पिता समन कोल की 24 अगस्त 2021 को नरसिंहपुर तहसील के मौजा अगरिया में रानी अवंतीबाई नहर परियोजना की मुख्य नहर में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में नायब तहसीलदार नरसिंहपुर के प्रतिवेदन के आधार पर मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नि राधाबाई पति भैयालाल कोल के लिए यह आर्थिक सहायता राशि मंजूर की गई है।

घर बैठे सिटीजन पोर्टल पर दर्ज करायें ई-एफआईआर

नरसिंहपुर यभाप्र। मध्यप्रदेश में आमजन अब घर बैठे सिटीजन पोर्टल पर ई-एफआईआर दर्ज करा सकेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जन-कल्याण और सुराज के 20 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समारोह में सिटीजन पोर्टल का लोकार्पण करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिये नित-नये प्रयास किये जा रहे हैं। नवाचारों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। सुशासन की स्थापना कर आमजन का जीवन सहज और सुगम बनाने के लिये समन्वित प्रयास जारी हैं। सिटीजन पोर्टल द्वारा आम नागरिकों को ई-एफआईआर के रूप में एफआईआर दर्ज करने की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। इससे नागरिक ऑनलाइन संबंधित थाने को घटना के संबंध में ई-एफआईआर दर्ज करा सकते हैं। नागरिकों द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस की वेबसाइट अथवा सिटीजन पोर्टल पर स्वयं का पंजीयन कर पंजीकृत आईडी से लॉगिन करके ही ई-एफआईआर दर्ज की जा सकती है। उक्त ई-एफआईआर आवेदन पर एफआईआर दर्ज होने के उपरांत आवेदक को अपनी एफआईआर के विभिन्न चरणों की अद्यतन स्थिति एसएमएस एवं ई-मेल के माध्यम से प्राप्त होती रहेगी। सिटीजन पोर्टल प्रारंभ हो जाने से पीड़ित व्यक्ति 15 लाख तक की वाहन चोरी या एक लाख तक की सामान्य चोरी के मामलों में ई-एफआईआर से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेगा। आम व्यक्ति को इससे आधार ई-साइन की सुविधा मिलेगी। आधार ई-साइन युक्त पावती की ऑनलाइन ई-मेल एवं एसएमएस के माध्यम से प्राप्ति की सुविधा मिलेगी। नागरिक पोर्टल के माध्यम से पीड़ित व्यक्ति ई-एफआईआर की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। प्रदेश में मध्यप्रदेश पुलिस मोबाइल एप की सुविधा भी प्रदान की गई है। इस एप द्वारा गुम दस्तावेज और मोबाइल गुम होने की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक पावतीए संकट के समय परिजनों एवं डॉयल-100 को एसएमएस भेजने की सुविधाए गुमशुदा व्यक्ति अथवा अज्ञात शव की जानकारी सर्च करने की सुविधा प्रदान की गई है। महिला अपराध को नियंत्रित करने एवं महिलाओं को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश के सभी जिलों में महिला थानों की स्थापना की गई है। प्रदेश में कुल 1159 थानों के लिये डॉयल100 की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अपराधों पर बेहतर नियंत्रण करने तथा आपातकाल में त्वरित सहायता देने के उद्देश्य से डॉयल 100 तथा सीसी टीव्ही सर्विलेंस व्यवस्था का विस्तारीकरण किया गया है।

प्रदेश में इस वर्ष पुलिस की रिक्तियों पर 4 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। सरकार द्वारा वर्ष 2021-22 में पुलिस विभाग में अधोसंरचनात्मक आवास एवं कल्याण के लिये 380 करोड़ की राशि से निर्मित होने वाले नवीन प्रशासकीय भवनों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इससे 34 शहरी थाने, 220 अर्द्ध शहरी/ग्रामीण थाने एवं 199 नवीन पुलिस चौकियों का निर्माण कराये जाने का प्रावधान किया गया है। पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के आवास निर्माण और लोकार्पण का कार्य निरंतर जारी है।

जबलपुर शहर के गरीब पथ विक्रेताओं में 100 पैकेट राशन वितरित

जबलपुर। मध्य प्रदेश प्रदेश पथ विक्रेता एकता संघ जबलपुर के सहयोग से नासवी दिल्ली द्वारा किया गया जबलपुर में 500 पथ विक्रेताओं को नासवी दिल्ली की ओर से राशन वितरण करना जिसमें 10 किलो आटा 5 किलो चावल 1 किलो राहर दाल 1 लीटर तेल 1 किलो काबुली चना 500 ग्राम चना दाल ढाई सौ ग्राम धनिया ढाई सौ ग्राम हल्दी एक पैकेट नमक वितरण करना है जिसमें 6 10 2021 को अधारताल पहरिया पैलेस 100 पैकेट का 7 10 2021 को गड़ा रामलीला मैदान में 100 पैकेट 8 10 2021 लटका री का पड़ाव पांडे चौक जानकी रमण मंदिर मंडी में 100 पैकेट और 9 10 2021 गोरखपुर सब्जी मंडी परिसर में 100 पैकेट वितरण किया गया। संगठन के द्वारा पथ विक्रेताओं के हितों मैं चलाई जा रही शासन की जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी पथ विक्रेताओं को दी गई और करोना जैसी महामारी से लड़ने के लिए पथ विक्रेताओं को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया गया और कुछ पथ विक्रेताओं को वैक्सीन लगवाई गई संगठन के जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी जी, सोनेलाल,पोल जी ,जागृति शुक्ला,इंद्र कुमार पटेल, सुनील शर्मा,कपिल सेन,राजा रजक, मुकेश शुक्ला बीना झारिया सरोज दीदी अशोक जायसवाल जित्तू झारिया और संगठन के सभी पदाधिकारी सदस्य भी मौजूद रहे हैं।

पुलिस पंचनामा के बाद भी जेसीबी चलवाकर तोड़ दिया गोदाम

45 साल पुराने किरायेदारों का आरोप ,एसडीएम के समक्ष मामला होने के बाद भी चला दी जेसीबी

जबलपुर। एसडीएम के समक्ष मामला होने के बाद भी शनिवार की शाम बेहद ही चालाकी से जेसीबी वाले को झूठ बोलकर लाया गया और विवादित भूमि पर बना 1500 वर्ग फीट का गोदाम तोड़ दिया गया। इस दौरान गोदाम मालिक को धमकी भी दी गई और उनके साथ झूमा झटकी भी की गई । जिसको शिकायत देर रात ओमती थाने में दर्ज करवाई गई। पीड़ित प्रभजीत सिंह ने बताया कि 45 साल पूर्व साढ़े 3 लाख रुपये की राशि सुरक्षा निधि के रूप में देने और अनुबंध करने के बाद भी अब कोयला गोदाम के मालिक को धमकाने और गुंडागर्दी करने की शिकायत थाने में दी गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर पंचनामा कार्यवाही भी पूर्ण कर ली, इसमें पाया गया कि कोयले के गोदाम का संचालन गोदाम मालिक के द्वारा ही किया जा रहा है। लेकिन उसके बावजूद भी भूमि स्वामी वहां बना रहे शॉपिंग कांप्लेक्स के लिए जोर जबरदस्ती गोदाम को खाली कराने का प्रयास कर रहा है। जबकि विगत 45 सालों में कभी भी किसी प्रकार का कोई नोटिस भूमि खाली करने के लिए नहीं दिया गया। सालों पूर्व किए गए अनुबंध को भी दरकिनार कर जबरदस्ती गोदाम को खाली कराया जा रहा है। मामला 25 सितंबर 2021 को ओमती थाने पहुंचा था जहां प्रभजीत सिंह और उनके पिता इंदरजीत सिंह ने यह शिकायत दी थी कि उनका भंवरताल स्थित कृष्णा होटल के बाजू में प्लाट क्रमांक 47 है जो लगभग 35 हजार वर्ग फुट का है। जिसमें उनकी गोदाम 15 सौ वर्ग फीट में विगत 45 साल से कोयले के कारोबार में उपयोग की जा रही है। जिसमें इंदरजीत सिंह का चौकीदार भी रहता है। भूमि स्वामी संजीव अग्रवाल, राजीव अग्रवाल द्वारा जबरदस्ती उनके गोदाम की ओर जाने वाले गेट पर टीन लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया। भूमि स्वामी द्वारा लगातार जबरदस्ती गोदाम पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस ने किया पंचनामा

ओमती थाने में प्राप्त हुई शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई और 1 अक्टूबर को दोपहर में विवाद भूमि पर जाकर पंचनामा किया गया जिसमें ओमती थाने में पदस्थ एसआई सतीश झारिया दल बल के साथ पहुंचे थे। पंचनामा रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा हुआ है कि विवादित भूमि निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां तीन कमरे बने हैं जो पुराने मकान है सामने के कमरे में कबाड़ भरा है एक कमरे में कोयला भरा है। पीछे का कमरा खाली है। मौके पर पुलिस द्वारा वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी करवाई गई एवं उक्त गोदाम इंद्रजीत सिंह होना पाया गया।

कोर्ट में लगाई गुहार

पीड़ित पक्ष की ओर से इस पूरे मामले को लेकर न्यायालय में गुहार लगाई है। भूमि स्वामी द्वारा जबरदस्ती गोदाम खाली कराने और उसमें रखे कोयले को बाहर फेंकने की धमकी देने की शिकायत भी 5 अक्टूबर को इंद्रजीत सिंह प्रभात सिंह द्वारा थाने में दी गई है।

काश्मीर मे हत्याओं के विरोध में पुतला दहन

विहिप का आरोप पाक के इशारे पर आई डी देखकर हत्या

जबलपुर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल रानी दुर्गावती जिला द्वारा जम्मू कश्मीर में 370 हटने के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा पुन: हिंदुओं का कत्लेआम किया जा रहा है । हिंदूओं के आईडी कार्ड देख कर चुन-चुन हिंदुओं को मारा जा रहा । इसके विरोध में दमोह नाका चौक पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल रानी दुर्गावती जिले के कार्य कर्ताओ द्वारा आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। जिसमें सभी सातों प्रखंडों के कार्यकर्ता व अधिकारी उपस्थित रहे । विभाग मंत्री पंकज श्रीवात्री ने भारत सरकार से कहा है कि काश्मीर में पनप रहे आतंकवाद को समूल नष्ट किया जावे । भारत को तोड़ने के लिए जो कार्य किया जा रहा है उससे हिंदू समाज व भारत को बचाने के लिए हिंदुओं को संगठित होना होगा । इस दौरान संतोष चौबे सुभाष तिवारी उमेश शुक्ला, आशीष मिश्र उमेश राठौर दिलीप बर्मन रोहित सिंह ठाकुर सत्यम रैकवार संजय गुप्ता गगन यादव प्रशांत सोंधिया बजरंग दल शैलेंद्र बिशेन, रोहित बर्मन, एवं सातों प्रखंडों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आंनद व्हील होंडा शोरूम में रोज बरस रहा है सोना

नवरात्रि के पावन अवसर पर आनंद होंडा ग्राहकों को दिल खोल कर दे रहा उपहारएगोल्ड जीतने वालों के चेहरे खिले

जबलपुर। नवरात्रि के पावन अवसर पर आनंद व्हील्स होंडा दमोह नाका एवं अधारताल शोरूम में रोज सोना बरस रहा है। आनंद होंडा शोरूम द्वारा रोज ग्राहकों को स्क्रेच कार्ड के माध्यम से सोने एवं चांदी के सिक्के प्रदान किये जा रहे हैंए जिससे ग्राहकों में खुशी और उत्साह का माहौल है। वहीं आनंद होंडा की योजना के अनुसारए प्रत्येक वाहन की खरीदी पर मिक्सर ग्राइंडर दिया जा रहा हैए जिससे ग्राहकों को अपूर्व प्रसन्नता मिल रही है। आनंद होंडा के संचालक हितिश आनंदए अमित आनंद एवं सोहित आनंद ने बताया कि हमें ग्राहकों को रोजाना उपहार प्रदान करते हुये हर्ष हो रहा है और हम चाहते हैं कि इन उपहारों का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ ले सकें।

.इन्होंने जीता गोल्ड

शोरूम के जनरल मैनेजर राजेश चौधरी ने बताया कि नवरात्र के प्रथम दिन सोने का सिक्का ग?ा निवासी सतेन्द्र गरहटें द्वारा जीता गया;मोबाइल नंबर 9893119452द्ध। बताया गया है कि सोने का सिक्का जीतने के बाद श्री गरहटे खुशी से झूम उठे और उन्होंने कंपनी प्रबंधन और शोरूम संचालकों का आभार प्रदर्शन किया। वहींए द्वितीय दिवस छोटी ओमती निवासी शकील खान ने गोल्ड जीता। चमचमाते हुये सोने के सिक्के को देखकर शकील उनके परिजन प्रफुल्लित हो उठे। उनसे 9303177773 नो पर जानकारी ली जा सकता है

.अभी जारी रहेगा ये सिलसिला

जनरल मैनेजर श्री चौधरी ने बताया कि ग्राहकों को सोने.चांदी के सिक्के और प्रत्यके खरीदी पर उपहार स्वरूम मिक्सर ग्राइंडर प्रदान करने का सिलसिला 14 नवम्बर 2021 तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस भव्य योजना का लाभ उठायें और वाहन के साथ सोने एवं चांदी के सिक्के भी अपने साथ ले जायें। बताया गया है कि योजना के पहले दिन से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा हैएजो प्रतिदिन ब?ता ही जा रहा है।

ओबीसी महासभा ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री व प्रधानमन्त्री के नाम तहसीलदार निवास को सौंपा ज्ञापन

निवास। केन्द्र सरकार द्वारा 2021 की जनगणना की जानी है। जिसमें सभी वर्ग को जातिगत जनगणना में शामिल किया गया है। लेकिन जनगणना फार्म में ओबीसी की जातिगत जनगणना को लेकर कोई कालम नहीं है। जिससे ओबीसी संगठनों ने विरोध जाहिर किया है। 9 अक्टूबर को इसी मुद्दे पर ओबीसी संगठनों द्वारा पूरे प्रदेश में प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इसी कड़ी में निवास में ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र लोधी के नेतृत्व में ओबीसी को जातिगत जनगणना में शामिल किए जाने की मांग को लेकर राज्यपाल और मुख्यमंत्री व प्रधानमन्त्री के नाम निवास तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है। ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष सतेंद्र लोधी ने बताया है, कि ओ.बी. सी वर्ग को भी जातिगणना कराई जाए, साथ ही संख्या के आधार पर शासन की सभी प्राईवेट व समय शासकीय संधानों शिक्षा रोजगार व्यापार एव चुनावी प्रति निधित्व में ग्राम पंवाई मेम्बर, गाम सरपंच, जनपद पंचायत, जिला पंचायत, नगर परिषद सदस्य, नगर परिषद अध्यक्ष, विधान सभा सदस्य एंव लोक सभा सदस्य आदि।

श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान से हुई शांति धारा, धन्य हुई चरगवां नगरी

चरगवां । सकल दिगंबर जैन समाज चरगवां द्वारा श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन जैन मंदिर के सामने धर्मशाला जारी है। वर्तमान के वर्धमान आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के पावन आर्शीवाद से स्वर कोकिला वात्सल्यमयी वंदनीय माँ 105 मृदु मति माता जी, एवं 105 निर्णय माता जी ससंघ द्वारा लिखित एवं उनके ही मुखारविंद से श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिसमें आज बुधवार को सौधर्म इंद्र राजेंद्र राजू सरोज जैन ने बड़े धूमधाम से जैन समाज के साधर्मी बंधुओं के साथ मिलकर श्री जी का अभिषेक पूजन अर्चन किया। कहते है की आश्विन माह में ब? पर्व और उत्सव मनाए जाते है जिसके चलते चरगवां के श्री सकल दिगम्बर जैन मंदिर जी में श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान किया जा रहा है। श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के लिए जिनालय में खूबसूरत मंडल सजाया गया है। साथ ही जैन धर्मावलंबियों द्वारा भगवान सिद्ध की विशेष पूजा-अर्चना व आराधना की जा रही है। जिसमें प्रात: अभिषेक पूजन दोपहर में मंडलविधान पूजन व शाम को आरती, शास्त्र प्रवचन संगीता पाटोदी किया जा रहा है। इसी क?ी में आज भी जैन मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई है। विधि विधान से अर्ध समर्पित किए जा रहे हैं। विधानाचार्य ब्रा पुष्पा दीदी, ब्रा अखलेश भैया, ब्रा सोनू भैया ने बताया कई बार पूजा पाठ करते हैं लेकिन यदि एक बार श्रद्धाभाव से सिद्ध चक्र महामंडल विधान कर लिया जाए। तो वह नियम से सिद्ध भूमि को प्राप्त कर सकता है। जिस प्रकार मैंना सुंदरी ने श्री पाल के रोग को नष्ट करने के लिए कई कष्ट सहे और जैन धर्म से श्रद्धा न हटाते हुए सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन कराया तो सारा रोग अपने आप दूर हो गया। इसके लिए हम सभी को अपने जीवन में कम से कम दान और सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन अवश्य ही करना चाहिए। मंडल विधान में 1024 अर्ध्य समर्पित किए जाएंगे।

अलोपशंकरी देवी मंदिर में चुनरी या धागा बांधने से होती है मन्नत पूरी

भोपाल। प्रयागराज में आलोपी बाग वह जगह है जहां शक्तिपीठ मां अलोपशंकरी देवी माता का मंदिर बेहद खास है । क्योंकि यह देश के अलग-अलग स्थानों में मौजूद 51 शक्तिपीठों में से एक है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस स्थान पर माता सती के दाएं हाथ का पंजा गिरा था। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां माता की निराकार पूजा होती है। कहने का मतलब है कि यहां देवी मां की कोई प्रतिमा या मूर्ति नहीं है। बल्कि एक कुंड है जहां माता का हाथ गिरकर अदृश्य हो गया था ।जिसके चलते इस मंदिर का नाम भी अलोप शंकरी मंदिर पड़ा। आपको बता दे कि मंदिर के मुख्य भाग में एक चबूतरा है। चबूतरे के बीचो-बीच एक कुंड है। कुंड के ऊपर एक झूला और

झूले को चुनरी से ढका गया है। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि यहां देवी का वास जल में है और झूला उनका स्वरूप है। मंदिर में मौजूद कुंड में नारियल का पानी चढ़ाया जाता है और यही भक्तों को प्रसाद स्वरूप दिया जाता है। क्योंकि इस मंदिर में माता की कोई प्रतिमा या मूर्ति नहीं है। इसलिए नवरात्रि के दौरान यहां श्रृंगार तो नहीं होता लेकिन पाठ जरूर होते हैं। ऐसी मान्यता है कि मंदिर में चुनरी या धागा बांधने से मन्नत पूरी हो जाती है। साथ ही यहां आए भक्तगण पूजा- अर्चना करने के बाद मंदिर की परिक्रमा भी करते हैं।

शुभ संयोग में करें पूजा

शुभ मुहूर्त, आरती और प्रसाद

इस बार शारदीय नवरात्रि 9 के बजाय 8 दिनों की है। अर्थात 7 अक्टूबर से नवरात्रि प्रारंभ है। और 15 को नवरात्रि का समापन हो जाएगा। इस बार कोई एक तिथि क्षय हो रही है। कुछ विद्वानों के अनुसार तृतीया और चतुर्थी एक साथ है तो कुछ के अनुसार चतुर्थी और पंचमी एक साथ है। अधिकत विद्वान चतुर्थी तिथि क्षय बता रहे हैं। आओ जानते हैं कौन सी तिथि कब प्रारंभ होकर कब समाप्त हो रही है।

शुभ मुहूर्त

तृतीया का शुभ मुहूत- अभिजीत मुहूर्त- 11-50 रूसे 12-37 तक और अमृत काल- 08-47 रूङ्क 10ः15 रूतक रहेगा।

चतुर्थ का शुभ मुहूर्त- अभिजीत मुहूर्त 11-50 रूसे 12-37 , अमृत काल 08-47 रूसे 10-15 रूऔर ब्रह्म मुहूर्तङ्क 04ः48 रूसे 05ः36 रू तक रहेगा।

पंचमी शुभ मुहूत- अभिजीत मुहूर्तङ्क 11-50 रूसे 12-37 , अमृत कालङ्क 04ः47 रूसे 06ः16 रू ब्रह्म मुहूर्तङ्क 04ः49 रूसे 05ः37 रू तक रहेगा।

प्रसाद

1. नवदुर्गा का एक रूप है चंद्रघंटा। मां के इस रूप का पूजन नवरात्रि के तीसरे दिन होता है। इस दिन मां को दूध या दूध से बनी मिठाई खीर का भोग लगाकर ब्राह्मणों को दान करना शुभ होता है। इससे दुखों की मुक्ति होकर परम आनंद की प्राप्ति होती है।

2. मां कूष्मांडा को नवरात्रि के चौथे दिन मालपुए का भोग लगाने से वे प्रसन्न होती हैं। इस भोग को मंदिर के ब्राह्मण को दान करना चाहिए। ऐसा करने से बुद्धि का विकास होने के साथ-साथ निर्णय शक्ति बढ़ती है।

3. पांचवे दिन मां स्कंदमाता को केले का नैवेद्य चढ़ाना बहुत उत्तम होता है। ऐसा करने से आपको उत्तम स्वास्थ्य और निरोगी काया की प्राप्ति होती है।

कैसे करें पूजा

1. पूजन में शुद्धता व सात्विकता का विशेष महत्व है, इस दिन प्रातःकाल स्नान-ध्यान से निवृत हो भगवान का स्मरण करते हुए भक्त व्रत एवं उपवास का पालन करते हुए भगवान का भजन व पूजन करते हैं।

2. नित्य कर्म से निवृत्त होने के बाद अपने ईष्ट देवी मूर्ति या चि ?त्र को लाल या पीला कपड़ा बिछाकर लकड़ी के पाट पर रखें। मूर्ति को स्नान कराएं और यदि चित्र है तो उसे अच्छे से साफ करें।

3. पूजन में देवताओं के सामने धूप, दीप अवश्य जलाना चाहिए। देवी के लिए जलाए गए दीपक को स्वयं कभी नहीं बुझाना चाहिए।

4. फिर देवी के मस्तक पर हलदी कुंकू, चंदन और चावल लगाएं। फिर उन्हें हार और फूल चढ़ाएं। फिर उनकी आरती उतारें। पूजन में अनामिका अंगुली (छोटी उंगली के पास वाली यानी रिंग फिंगर) से गंध (चंदन, कुमकुम, अबीर, गुलाल, हल्दी, मेहंदी) लगाना चाहिए।

5. पूजा करने के बाद प्रसाद या नैवेद्य (भोग) चढ़ाएं। ध्यान रखें कि नमक, मिर्च और तेल का प्रयोग नैवेद्य में नहीं किया जाता है। प्रत्येक पकवान पर तुलसी का एक पत्ता रखा जाता है।

1. तृतीया, चतुर्थी और पंचमी की माता तृतीया तिथि पर माता चंद्रघंटा, चतुर्थी पर मां कूष्मांड और पंचमी पर मां स्कंदमाता की पूजा होगी।

2. अमांत और पूर्णिमांत कैलेंडर में तिथियों को लेकर भिन्नता रहती है। स्थानीय पंचांग के अनुसार भी तिथियों में घट-बढ़ रहती है। जहां जिस स्थान पर जब चंद्रोदय होता है वहां उस स्थान के अनुसार तिथि प्रारंभ मान ली जाती है। उसी तरह सभी जगहों के सूर्योदय का समय भी भिन्न भिन्न है।

तिथियां

1. तृतीया तिथि 09 अक्टूबर, 2021 शनिवार- आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया 794- तक तक मानी जा रही है इसके बाद चतुर्थी अगले दिन 455 डुद्ध तक रहेगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार कल की तिथि 10 अक्टूबर, 2021 रविवार- आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी (परसों 2-14 द्ध तक), उसके बाद षष्ठी

2. शुक्ल पक्ष चतुर्थी (क्षय तिथि) 09 अक्टूबर को 07-49 रूसे 10 अक्टूबर 04ः55 ब्रूतक रहेगी। तब पंचमी तिथि 10 अक्टूबर को 04-55 रूसे 11 अक्टूबर 0214 रूतक रहेगी।

नवरात्रि में 9 दिन चढ़ाएं फूल, जीवन के लिए होगा बड़ा शुभ

शारदीय नवरात्रि में मूर्ति स्थापना, घटस्थापना, कलश पूजा, व्रत, गरबा, दुर्गा पूजा, हवन, कन्या भोज और विसर्जन किया जाता है। इस दौरान यदि आप माता को प्रसन्न करने के लिए उनके मंदिर में जाकर उन्हें हर रोज एक फूल अर्पित करेंगे तो माता प्रसन्न होगी। आओ जानते हैं 9 दिन के 9 फूल।

1. शैलपुत्री - पहले दिन माता शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मां शैलपुत्री को गुड़हल का लाल फूल और सफेद कनेर का फूल अर्पित करने से वे बहुत प्रसन्न होती हैं।

2. ब्रह्मचारिणी -दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी की पूजा की जाती है। मां ब्रह्मचारिणी को गुलदाउदी का फूल पसंद हैं। इस दिन मां के चरणों में यह फूल अर्पित कर उन्हें प्रसन्न किया सकता है।

3. चंद्रघंटा - तीसरे दिन मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा की जाती है। मां चंद्रघंटा को कमल का फूल और शंखपुष्पी का फूल बेहद पसंद हैं। इस दिन मां के चरणों में यह फूल अर्पित करने से मां प्रसन्न होती है और जल्दी सफलता मिलती है।

4. कुष्मांडा - चौथे दिन माता कुष्मांडा की पूजा की जाती है। मां कुष्मांडा को चमेली का फूल या पीले रंग का कोई भी फूल पसंद है। इस फूल को अर्पण करने से मां प्रसन्न होकर अपने भक्तों को अच्छे स्वास्थ्य का आशीर्वाद देती हैं।

5. स्कंदमाता - पांचवें दिन स्कंदमाता की पूजा की जाती है। मां को पीले रंग के फूल बहुत पसंद हैं। इस दिन माता को यह फूल अर्पित करने से मां प्रसन्न होकर सुख और समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।

6. कात्यायनी -छठे दिन माता कात्यायनी की पूजा होती है। कहा जाता है कि मां कात्यायनी को गेंदे का फूल और बेर के पेड़ का फूल पसंद है। उनके चरणों में ये फूल अर्पित करने से मां की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

7. कालरात्रि - सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा होती है। माता कालरात्रि को नीले रंग का कृष्ण कमल का फूल बहुत अधिक पसंद है। यदि ये फूल न मिले तो ?कोई भी नीले रंग का फूल भी अर्पित करेंगे तो माता प्रसन्न होगी।

8. महागौरी - आठवें दिन महागौरी माता की पूजा की जाती है। माता महागौरी को मोगरे का फूल बेहद पसंद है। इस दिन मां के चरणों में यह फूल अर्पित करेंगे तो तो मां की कृपा हमेशा आपके घर-परिवार पर बनी रहेगी।

9. सिद्धिदात्री -

नौवें दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मां को चंपा और गुड़हल का फूल बेहद पसंद है। उनके चरणों में इस फूल को चढ़ाने से मां प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों को आशीर्वाद देती हैं।

मां कुष्मांडा

श्री दुर्गा का चतुर्थ रूप श्री कूष्मांडा हैं। अपनी मन्द हंसी से अपने उदर से अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारंण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से जाना जाता है। संस्कृत भाषा में कूष्माण्ड कूम्हडे को कहा जाता है, कूम्हडे की बलि इन्हें प्रिय है, इस कारण से भी इन्हें कूष्माण्डा के नाम से जाना जाता है। जब सृष्टि नहीं थी और चारों ओर अंधकार ही अंधकार था तब इन्होंने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। यह सृष्टि की आदिस्वस्रूा हैं और आदिशक्ति भी।

इनकी आराधना का मंत्र है :

या देवी सर्वभूतेषु मां कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नम : ।।

GYAN GANGA
GROUP OF INSTITUTIONS

GGITS Branches Accredited by NBA ECE,ME

- Gyan Ganga Institute of Technology & Sciences GGITS-2003
- Gyan Ganga College of Technology GGCT-2006
- Gyan Ganga College of Excellence GGCE-2018

Approved by : AICTE, New Delhi | Affiliated to : Rajiv Gandhi Prodyogiki Vishwavidyalaya, Bhopal | Affiliated to : Rani Durgawati Vishwavidyalaya, Jabalpur | Recognized by : Dept. of Higher Education, Govt. of M.P. Bhopal

B.Tech. | M.Tech. | M.C.A. | M.B.A. | B.Pharma | D.Pharma
B.Sc. | B.Com. | B.B.A. | B.A. | Polytechnic Diploma

115+ Chancellor's Scholarship Awardees (University Toppers).

- 15+ Patents from our Alumni / Faculty Members in their respective fields.
- GGITS secured 149th Rank in the survey done by the magazine INDIA TODAY for the BEST PRIVATE ENGG. COLLEGES ACROSS INDIA.
- GGITS has been ranked "AAA" by Career 360 magazine.
- Both the Institutions of Gyan Ganga Group have been ranked between 26th to 50th in ATAL Ranking of Institutions on Innovation Achievements (ARIIA). Only 06 Institutions in M.P. could qualify for this Ranking.
- A team of students from Mechanical & Computer Science Branch won first position at the RGPV State Level Hackathon 2021 and received a cash prize of Rs.50,000/-

ECO-KART 2019 (Mechanical)

A team of Mechanical Engineering students from Gyan Ganga Group secured 9th Position amongst 235 teams registered for ECO-KART 2019 held at Gautam Buddha University, Greater Noida.

MODROB / FDP / STTP

Every year various departments receive MODROB for research and development in their respective fields.

Recently Electronics & Communication (EC) Department has receive MODROB with budget of Rs.15.85 L by AICTE, New Delhi.

And Electrical Engineering (EE) Department has receive MODROB with budget of Rs.12.23 L by AICTE, New Delhi.

During COVID time Gyan Ganga has received fundings from various Govt. Organizations and conducted 40+ FDP/STTP for the faculty members of EE, EC, ME, EX, CE & CS/IT Branches.

MP Tech Innovation (EC Branch)

Students of Electronics & Commu-nication Dept. GGITS, secured 2nd Rank in MP Tech Innovation competition organised by RGPV Bhopal.

Smart India Hackathon (EE & EX Branch)

Students of Electrical Engg. and Electrical & Electronics Engg. participated in Regional level "AICTE- Chhatra Vishwakarma Awards-2019", secured a position in top three.

Microsoft Imagine Cup 2021 (Civil Engg.)

A Team of Gyan Ganga students of Civil Branch amongst top 8 teams in India in Microsoft imagine Cup 2021. The team Quartet has developed an app by which the quantities of cement, sand, aggregates, bricks and other building materials.

GYAN GANGA COLLEGE OF EXCELLENCE

- Skill Based Certificate Courses on E-Commerce, MS Office, GST, C/C++
- 80% Placement of GGCE first Batch for the Courses B.Com., B.Sc. & B.B.A.

Admission Inquiry

B.Tech. | M.Tech. - 94253 23089 | 98935 56449 | 95847 78811

Mechanical Engg. 98934 07441
Civil Engg. 94249 56001
Electronics & Comm. Engg. 98261 18736
Electrical & Electronics 99930 98298
Electrical Engg. 94243 09409
B.A. | B.Sc. | B.Com. | B.B.A. 93406 41103

A Few Seats of LATERAL ENTRY are also Available

P.O. Tilwara Ghat, Near Bargi Hills, Jabalpur | www.ggits.org | www.ggct.co.in | www.ggce.co.in

हिरण की खाल के साथ युवक गिरफ्तार

सुहागी के हनुमान मंदिर के पास खाल बेचने दो घंटे से खड़ा था तस्कर

जबलपुर, यशभारत। अधारताल के सुहागी हनुमान मंदिर के पास पुलिस ने हिरण की खाल के साथ एक युवक तस्कर को दबोचा है। जो हिरण की बेसकीमती खाल को बेंचने के लिए हनुमान मंदिर के पास करीब दो घंटे से खड़ा था। पुलिस ने खाल जब्त कर, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। अधारताल थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा ने बताया कि स्टाफ के साथ गश्त कर दुर्गा पंडाल चेक कर रहे थे। उसी दौरान जवाहर नगर मेन रोड दुर्गा पडाल के पास सूचना मिली कि एक आदमी उम्र करीब 30 - 35 साल का युवक, दाढ़ी-मूंछे रखे हुये है जो एक पीले रंग की बोरी में अपने पास हिरण की खाल बेचने के लिये हनुमान मंदिर के सामने सुहागी में खड़ा है । पुलिस यदि तत्काल दबिश दे तो आरोपी को दबोच सकती है।

तत्काल पहुंचा दस्ता

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस का

आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ जारी

दस्ता तत्काल सुहागी हनुमान मंदिर के पास पहुंचा, जहां आरोपी पीले रंग की बोरी लिये खड़ा था। जो पुलिस को देखकर भागने लगा। लेकिन घेराबंदी कर पुलिस ने आरोपी वीर विक्रम ठाकुर पिता ब्रजराजसिंह ठाकुर उम्र 33 साल निवासी पन्नी मोहल्ला सुहागी थाना अधारताल को दबोच लिया।

बोरी में रखी थी खाल

जिसके कब्जे मे रखे पीले रंग की बोरी को सभी के समक्ष खोलकर देखने पर उसके अंदर एक हिरण जैसे जानवर की दिखने वाली खाल मिली। जिसे कब्जे में रखने के संबर में दस्तावेज की मांग करने पर कोई दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नहीं किया गया। उपरोक्त पीले रंग की बोरी में रखी हिरण जानवर की बिकने वाली खाल को अवैध रूप से कब्जे में रखे पाये जाने पर जब्त कर, मौके पर सीलबंद किया गया । उपरोक्त

आरोपी का कृत्य प्रथम दृष्टया अपराध धारा 40.51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 का घटित करना पाये जाने से मौके पर समक्ष गवाहान गिरफ्तारी का कारण बताये हुये आरोपी वीर विक्रम ठाकुर को विधिवत गिरफ्तार किया गया । प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

पड़ोस में रहने वाले युवक से परेशान महिला पहुंची थाने, कहा- पांच सालों से हूँ परेशान

स्वयं को मुनि बताकर महिला से छेड़छाड़

जबलपुर, यशभारत। कोतवाली के सराफा दरहाई में स्वयं को मुनि बताने बताने वाले एक युवक पर महिला ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर, आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया। जिससे पूछताछ जारी है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया, आरोपी अभिरक्षा में लिया

कोतवाली थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सराफा दरहाई निवासी एक युवती ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई कि उसके पड़ोस में रहने वाला संतोष जैन उससे करीब पांच-छः वर्ष से छेड़छाड़ कर रहा है, लोकलाज का डर और पारिवारिक प्रतिष्ठा के चलते वह सबकुछ सह रही थी। लेकिन युवक के हौंसले बढ़ते ही जा रहे थे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर, आरोपी को अभिरक्षा में लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

विवाह नहीं किया, बन गया मुनि

पुलिस ने बताया कि संतोष जैन स्वयं को मुनि बताता है, इतना ही नहीं वैसे ही धवल वस्त्र भी धारण करता है। जिसके खिलाफमहिला ने छेड़छाड का आरोप लगाया है। युवक ने विवाह नहीं किया है। जिसको पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है।

दूसरी औरतों के साथ रहता है पति

महिला ने थाने में मचाया हंगामा पति पर एफआईआर दर्ज

जबलपुर, यशभारत। मदनमहल महिला थाने में बीते दिन उस समय थाने का स्टाफने माथा पकड़ लिया जब एक महिला ने पति की करतूतों से तंग आकर जमकर हंगामा मचाया। थाने में पुलिस कमिज़्यों के सामने महिला ने पति पर आरोप लगाए कि वह दूसरी औरतों के साथ रहता है, अय्याशी करता है, जबकि उसके दो बच्चे हैं।

उनकी देखरेख करने की बात जब भी करती हूं तो वह उसके साथ मारपीट करने पर उतारु हो जाता है। पूरा मामला गोराबाजार क्षेत्र के नेहरु नगर का है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति के खिलाफमामला दजज़ करते

हुए प्रकरण को जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि चित्रा आम्रवंशी उम्र 26 वर्ष नेहरु नगर, थाना गोरखपुर में अपने पति सुमित आम्रवंशी के साथ रहती हैं। महिला थाने पहुंचकर पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी के वर्षो बीत चुके हैं। दो बच्चे भी है। लेकिन पति का दूसरी औरतों के साथ चक्कर है। जिसके चलते वह अपने दोनों बच्चों का ध्यान नहीं रखता है। यदि ऐसा ही रहा तो वह अपने बच्चों को लेकर कहां जाएगी।

खाने को नहीं देता, ना ही पैसा देता है

पीड़िता ने थाने में हंगामा मचाते हुए पति पर त्वरित कार्रवाई करने की मांग की। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति सुमित आम्रवंशी ने शादी के शुरु-शुरु में तो बहुत ध्यान रखा। लेकिन अब स्थिति यह है कि वह उसे खाने को भी नहीं देता और ना ही पैसा देता है। अब वह ऐसी परिस्थिति में अपना परिवार लेकर कहां जाए।

प्रताड़ना से आ चुकी है तंग

पीड़िता ने बताया कि वह पति से जब भी खाना देने और पैसे देने के लिए कहती है, वह उसके साथ जमकर मारपीट करता है। उसकी रोज-रोज की प्रताडना से वह तंग आ चुकी है। पुलिस त्वरित कारज़्वाई करे, ताकि वह प्रताडना से मुक्त हो सके।

लकड़ी-कंडे निकालते वक्त हाथ पर लिपट गया गुहेरा

युवक को गुहेरे ने काटा मेडिकल में मौत

मेडीकल में भर्ती कराने पहुंचे परिजन इनसेट में मृतक का जीवित अवस्था का चित्र

जबलपुर, यशभारत। भेड़ाघाट के तेवर में रविवार की सुबह 7 बजे एक युवक अपने घर में लकड़ी-कंडे निकाल रहा था, तभी वहां बैठे गुहेरे ने युवक के हाथ में लिपट गया जिसके बाद युवक चीखता हुआ बाहर निकला और परिजनों को आपबीती बताई। जिसके बाद करीब 8.30 बजे युवक को परिजनों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज भर्ती किया। जहां इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

जानकारी अनुसार भेड़ाघाट के तेवर निवासी अनंतराम पटैल उम्र 38 साल अपने घर के पिछवाड़े चलाऊ लकड़ी और कंडे रखता था। आज सुबह वह घर में भोजन बनाने लकड़ी और कंडे निकला ही रहा था कि तभी जंगली जहरीले जीव गुहेरे ने हाथ में काट लिया। जिसके बाद वह तड़पने लगा। यह देख परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल दिखाया। लेकिन वहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

अब मेरा यहां कौन हैं...

युवक अनंतराम पटैल की कुछ वर्ष पूर्व शादी हुई थी, अभी बच्चे नहीं है। पीड़ित पत्नी ने जैसे ही अपने पति का शव देखा तो चीख पड़ी। वह कभी पुलिस कर्मियों से तो कभी परिजनों ने बदहवाश होकर एक ही बात कह रही थी कि अब उसका यहां कौन है... । जिसके बाद पुलिस और परिजनों ने जैसे-तैसे उसे सम्हाला।

घमापुर में चाकूबाज गैंग गिरफ्तार

लहूलुहान हालत में युवक पहुंचा था थाने, 2 किशोर एवं 1 युवक को दबोचा

जबलपुर, यशभारत। थाना घमापुर में चाकूबाजी का शिकार हुआ युवक दरमियानी रात रिपोर्ट लिखाने पहुंचा था। उसने बताया था कि रास्ता रोककर एक युवक व किशोरों ने उसके पेट में चाकू घोंप दी है। जिसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर चंद घंटों में ही आरोपियों को चाकू के साथ दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि अभिषेक विश्वकर्मा घायल अवस्था में थाने आया। जिसे तत्काल विक्टोरिया भिजवाया गया। जहॉ से घायल अभिषेक को मेडिकल कालेज के लिये रिफर कर दिया गया। अभिषेक विश्वकर्मा उम्र 18 वर्ष निवासी नई बस्ती कांचघर ने बताया कि दरमियानी रात वह अपने दोस्त प्रदीप सोंधिया के साथ कुचबंधिया मोहल्ले की तरफजा रहा था । उसी दौरान रास्ते में अनुराग कुचबंधिया के साथ दो 17 वर्षिय किशोर मिले। तीनों ने जबरदस्ती रास्ता रोक लिया तथा एक 17 वर्षिय किशोर एवं अनुराग ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने गठित टीम द्वारा अनुराग कुचबंधिया उम्र 19 वर्ष निवासी कुचबंधिया मोहल्ला एवं दो 17 वर्षिय किशोरों को अभिरक्षा में लेते हुये अनुराग एवं एक बालक की निशदेही पर घटना में प्रयुक्त 2 चाकू जब्त करते हुये तीनों को प्रकरण में विधिवत गिरफ्तार किया जा रहा है।

फर्जी पत्रकार बन गया था बाबा घर लौटते ही पुलिस ने दबोचा

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर क्राइम ब्रांच टीम ने मदनमहल थाने में दर्ज ब्लैकमेलर गैंग के फरार आरोपी अधारताल निवासी देवेंद्र यादव को आज रविवार को उसके घर से दबोच लिया। पुलिस कप्तान ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। फर्जी पत्रकार बाबा बनकर मंदिर-मंदिर घूम रहा था। इसी दौरान वह अपने घर लौटा, तभी पुलिस ने उसे धर दबोचा। टीआई नीरज वर्मा ने बताया कि मदनमहल थाने में दर्ज फर्जीवाड़ा, वसूली, धमकी व आईटी एक्ट के प्रकरण में अब तक 15 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपी अधारताल निवासी देवेंद्र यादव दो महीने से फरार चल रहा था। कई बार टीम ने उसके घर दस्तक दी, लेकिन वह नहीं मिला। उसकी गिरफ्तारी पर एसपी ने पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। क्राइम ब्रांच को आरोपी के बारे में पता चला था। टीम ने उसे दबोच कर मदनमहल पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मदनमहल पुलिस आरोपी से उसके अन्य फरार साथियों के बावत पूछताछ में जुटी है।

दो आरोपी अब शेष

टीआई नीरज वर्मा के मुताबिक उनके यहां दर्ज प्रकरण में फरार चल रहे अर्पित ठाकुर और शैलेंद्र गौतम ही शेष है। इससे पहले 18 अगस्त को पुलिस ने केवट मोहल्ला निवासी तनु श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया था। यह हिंदू संगठन का पदाधिकारी बताने वाले अर्पित व शैलेंद्र के साथ हर वसूली वाली वारदात में शामिल रहता था।

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

अब नये परिवेश में 21 वें साल के प्रवेश पर आप सभी को
दशहरा एवं दीपावली पर हमारे परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
समदड़िया मॉल के समीप
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश के अवसर पर
दशहरा एवं दीपावली पर हमारे परिवार की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, किंग कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
(दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सतू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
मो. 9827681910
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना | मुरमुरा | गुलाबी चना | मुरमुरा | बोल्ड चना | केला चिप्स | बोल्ड पीनट | मसाला चना | ड्राय मेल | चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एव सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)